
# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–190 । सागर, सोमवार, 28 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

तहसीलदार ने अवैध खदान पर की छापामार कार्रवाई पृष्ठ 3
▪ मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज ▪ असुरक्षित स्त्रियां पृष्ठ 4
▪ भाजपा से नहीं, प्रत्याशी से नाराज कार्यकर्ता पृष्ठ 6
बच्चों को स्वरोजगार के लिए दिलवाय प्रशिक्षण पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### एमएसएमई संरक्षण के लिए एकल जीएसटी दर जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल ने कहा, महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है।

### पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं। बैठक का आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से गृह मंत्रालय के तहत अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा किया जा रहा है।

### मणिपुर में लूटे गए 16 हथियार, गोला-बारूद बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मई से लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है, उन्हें मणिपुर के इंफाल-पूर्व, इंफाल-पश्चिम और कांगपोकपी जिलों में 16 अत्याधुनिक हथियार, 70 गोला-बारूद और 16 विस्फोटक मिले। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घाटी और पहाड़ी, दोनों इलाकों में लूटे गए हथियारों की तलाश के अलावा हिंसा प्रभावित राज्यभर में वाहनों की जांच जारी है।

### नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख की चोरी

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि क्लोज सर्किट टीवी कैमरे में चार चोर कैद हुए हैं।

### जब्त ड्रग को छुपाने के आरोप में एसआई गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में एक पुलिस उप-निरीक्षक (एसआई) को छापेमारी के दौरान जब्त की गई ड्रग्स का कुछ हिस्सा छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम स्टेशन में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर के.राजेंद्र ने अपने पास लगभग 1,775 ग्राम एमडीएमए रखा था। इसे वह कथित तौर पर बेचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी हाल ही में एक साइबर अपराध मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र गए थे और कुछ संदिग्धों को पकड़ा था।

संदिग्धों के घर की तलाशी के दौरान उनके हाथ एमडीएमए ड्रग वाला पैकेट लग गया और उन्होंने उसे अपने पास रख लिया था। जब्त सामान के बारे में उन्होंने उच्च अधिकारियों को नहीं बताया। इसकी जानकारी मिलने पर तेलंगाना राज्य एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने टीएसएनएबी के निदेशक और हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद को एक रिपोर्ट सौंपी। एसआई के खिलाफ रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके घर से ड्रग जब्त कर शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। एसआई को पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। वह तब रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में एसआई के रूप में कार्यरत थे।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सम्मेलन में दी कई सौगातें

# लाड़ली बहना योजना में अक्टूबर से मिलेंगे साढ़े 12 सौ रुपये



- शासकीय भर्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं को मिलेगी नियुक्ति
- राखी पर्व पर बहनों को दिया ढाई सौ रुपये का उपहार
- सावन के अवसर पर 450 रूपये में रसोई गैस सिलेण्डर मिलेगा
- सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिल की वसूली नहीं होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को साढ़े 12 सौ रुपए प्रति माह दिए जाएंगे और शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत महिलाओं को नियुक्ति दी जाएगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जंबूरी मैदान में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में यह घोषणाएं की। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राही प्रत्येक बहन को रक्षाबंधन पर उपहार स्वरूप ढाई सौ रुपए की राशि भी खातों में अंतरित की। श्री चौहान ने प्रदेश भर में सिंगल क्लिक से 312 करोड़ से अधिक की राशि खातों में भेजी। यही नहीं मुख्यमंत्री ने सावन के इस महीने में रसोई गैस सिलेण्डर 450 रुपए में देने और सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिलों की वसूली न करने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही 1000 रूपए की राशि के स्थान पर अक्टूबर माह से 1250 रूपये की राशि दी जाएगी। राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रूप में 250 रूपये दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे। इसके पश्चात अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज प्रदेश में नारी शक्ति की आवाज गूंज रही है। आज यहां भाई बहन के पवित्र रिश्ते को प्रणाम करने आया हूँ। बहनों के बिना दुनिया आगे नहीं बढ़ सकती। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने जीवन में पैतृक ग्राम में ही बहनों के साथ भेदभाव के प्रसंग देखे। समाज में बेटों की संख्या ज्यादा होने लगी थी। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने के लिए तभी संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनने के पहले विधायक और सांसद के रूप में भी अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

मुख्यमंत्री ने भी सुनाए राखी गीत

### फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है

लाड़ली बहना सम्मेलन में विभिन्न गायक-गायिकाओं ने अनेक राखी गीत सुनाए। सम्मेलन की शुरूआत भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना के साथ हुई। श्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में यह राखी बंधन है ऐसा गाकर सुनाया। इसके पश्चात उन्होंने बहनों को उस गीत के बोल सुनाए जिसमें भाई अपनी बहन की आंखों में आंसू नहीं देख सकता। देख ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

कांग्रेस ने किया बड़ा दावा

# 'इंडिया' गठबंधन में कुछ और दल होंगे शामिल

राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से 4 दल 'इंडिया' के संपर्क में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ दिनों में उनमें से कुछ विपक्षी खेमे में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की आगामी बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

आलोक शर्मा ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेने वाले 38 दलों में चार से पांच दल 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उनमें से कुछ के बहुत जल्द विपक्षी गुट में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि कुछ 2024 के चुनावों से पहले शामिल होंगे। कांग्रेस प्रवक्ता शर्मा ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में त्रिपक्षीय महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का नेतृत्व करेगी। उन्होंने कहा, 'देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन नेतृत्व करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम सब ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

अपनी किसी महत्वाकांक्षा से नीतीश का इनकार, कहा-

### मुंबई में तय होगा सीट का फॉर्मूला



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गुट 'इंडिया' का सीट बंटवारे का फॉर्मूला मुंबई में तय किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने पटना में लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि पद हासिल करने की मेरी कोई निजी महत्वाकांक्षा नहीं है। मैं बस सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहता हूं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुंबई में कुछ और पार्टियां हमारे साथ जुड़ेंगी। बैठक में यह भी तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा। मुंबई मीटिंग में हर बात फाइनल हो जाएगी। मुंबई में बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को निर्धारित है और इसकी मेजबानी एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी द्वारा की जाएगी।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम 8 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गई। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया।

2 मंजिला घर जमींदोज, अन्य आवास भी क्षतिग्रस्त

विस्फोट में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अजुइबुर रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गई शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया।

मुजफ्फरनगर में छात्र की पिटाई का मामला

### प्रशासन का स्कूल बंद करने का आदेश

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है। वीडियो वायरल होने बाद मामले की जांच में पता चला कि स्कूल की मान्यता एक वर्ष पूर्व ही खत्म हो चुकी थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में स्कूल ने नर्सरी से कक्षा पांच तक की मान्यता ली था। यह अंतरिम रूप से तीन वर्ष के लिए दी जाती है। इसकी अवधि 2022 में पूरी हो चुकी है। इसके बाद प्रबंधन ने लिए मान्यता रिन्यू नहीं कराया ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

'मन की बात' की 104वीं कड़ी प्रसारित

## आत्मनिर्भर भारत हर देशवासी का अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर दिया जाना चाहिए।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी के प्रसारण में कहा की आत्मनिर्भर भारत के लिए वह कल का लोकल आवश्यक है और इसका त्योहार मनाते समय सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, अब त्योहारों का मौसम भी आ ही गया है। आप सभी को रक्षाबंधन की भी अग्रिम शुभकामनाएं। पर्व-उल्लास के समय हमें वोकल



फॉर लोकल के मंत्र को भी याद रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान हर देशवासी का अपना अभियान है और जब त्योहार का माहौल है तो हमें अपनी आस्था के स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तो रखना ही है। अगली बार आपसे फिर 'मन की बात' होगी, कुछ नए विषयों के साथ मिलेंगें कुछ नए प्रयासों की सफलता की जी-भर करके चर्चा करेंगे।

### जी-20 देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरह तैयार है और सितम्बर का महीना देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने होने जा रही जी 20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरहसे तैयार है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन राजधानी दिल्ली आ रहे हैं।

### हिरासत में लिए राजपूत सभा के नेताओं को किया रिहा

**जम्मू, एजेंसी।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बुलाए गए पूर्ण जम्मू बंद के एक दिन बाद, अधिकारियों ने रविवार को युवा राजपूत सभा के हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। युवा राजपूत सभा सांबा जिले में सरोर टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ आंदोलन कर रही है। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरोर टोल प्लाजा और स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के खिलाफ शनिवार को बंद का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं को रिहा कर दिया।

सागर में दलित युवक की हत्या पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताई चिंता, कहा-

## मप्र को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है। श्री खड़गे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते।

### गरीबों पर बढ़ता जा रहा अत्याचार



**भोपाल, देशबन्धु।** सागर जिले में एक दलित युवक की हत्या के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति व जनजाति के गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। संत रविदास महाराज का मंदिर बनाने से इन गरीबों का भला नहीं होगा। इन्हें अधिकार देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं रक्षाबंधन पर पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। सागर जिले के खुरई थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बरोदिया नौनागिर में 24 अगस्त की रात एक युवक नितिन अहिरवार की आरोपियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के दौरान बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी। महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सितम्बर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल1

- अगले दो दिनों में घोषित की जाएगी प्रक्षेपण की तिथि
- 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा सौर मिशन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितम्बर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। श्री सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका



प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितम्बर के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। श्री सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

### चंद्र सतह पर मापा गया तापमान, इसरो ने जारी किया ग्राफ

भारत के चंद्रयान-3 ने चांद के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है। विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर लगे सभी उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह के तापमान का पता लगाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह अपडेट एक्स पर शेयर किया। इसरो ने बताया कि चंद्रमा की सतह के तापमान की जानकारी के लिए लैंडर विक्रम पर लगे चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड से पहला अवलोकन किया गया। इसरो ने जो ग्राफ शेयर किया है उसके अनुसार चंद्रमा की सतह का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस है। गहराई में जाने पर तापमान तेजी से गिरता है। 80 मिलीमीटर भीतर जाने पर तापमान -10 डिग्री तक गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसा लगता है कि चंद्रमा की सतह गर्मी को बनाए रखने में सक्षम नहीं है।

### जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने पूर्व सैनिकों की तैनाती

**कोलकाता, एजेंसी।** जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में रैगिंग के कारण हुई मौतों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परिसर में 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने और इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आउटसोर्स सुरक्षा गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, परिसर के सभी प्रवेश द्वारों और छात्रों के छात्रावास के प्रवेश बिंदु सहित परिसर के विभिन्न कोनों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित जेयू में 10 अगस्त को एक नये छात्र का शव मिला था। सभी सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होंगे और नेटवर्क से जुड़े होंगे जो किसी दुर्घटना की रिपोर्ट करने से पहले सभी संभावित त्रुटियों को ध्यान में रखता है और झूठे अलार्म की दर को कम करता है। ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा वाले 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमानित लागत लगभग 38 लाख रुपए होगी। जादवपुर विश्वविद्यालय मौजूदा आउटसोर्स गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों की तैनाती करेगा, जिसके लिए निदेशालय पुनर्वास क्षेत्र (पूर्व) को पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि कुल 30 पूर्व सैनिकों को इस उद्देश्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा। और ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

# मंत्री भार्गव जनता के लिये अपने परिवार जैसा मानते है: सीताराम वर्मा

**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** मप्र में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मोर्चा संभाल लिया है। अन्य राज्यों से पार्टी के विधायकों को विभिन्न क्षेत्रों में साप्ताहिक प्रवास पर भेजा गया है। इसी क्रम में उत्तरप्रदेश भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीताराम वर्मा को रहली विधानसभा के प्रवास की जिम्मेदारी दी गई। विगत एक हफ्ते से विधायक वर्मा क्षेत्र में दौरा करते रहे। रविवार को गढ़ाकोटा के सर्किट हाउस में स्थानीय भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक उपरांत आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रवासी विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि केंद्रीय भाजपा ने तय किया कि अन्य राज्यों जैसे गुजरात, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात के अनुभवी विधायकों को प्रदेश के प्रवास पर भेजा गया। रहली के शहरी व ग्रामीण लोगों से पार्टी के वरिष्ठ, लोगों से मिलना जुलना हुआ। पार्टी के प्रति आम जनमानस का गहरा जुड़ाव है। रहली से विधायक व सरकार में मंत्री गोपाल भार्गव का लोगों से अटूट नाता है। गांव-गांव जाकर यह अनुभव किया। उन्होंने क्षेत्र का समुचित और योजना पूर्वक विकास किया है। आम लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं के लिये जिम्मेदारी से पूर्ण कराया है। साथ ही भार्गव के निजी सेवा प्रकल्प जनता के लिये बहुत ही काम आने वाले है। पार्टी के प्रति जनता में खासा उत्साह है। जनप्रतिनिधियों का समर्पण है। मंत्री भार्गव जनता के लिये अपने परिवार जैसा मानते है। ऐसे नेता कम ही देखने को मिलते है। बेटे अभिषेक भार्गव को टिकिट मिलने के सवाल पर कहा कि पार्टी में सब कुछ सम्भव है। मंत्री भार्गव को मुख्यमंत्री बनाये जाने की बात पर कहा कि राजनीति में कुछ भी निश्चित नही होता है हो सकता है आगे यह भी सम्भव हो जाये। एक सवाल के जवाब में विधायक सीताराम ने कहा कि सात दिन के प्रवास के बाद मेरा अनुभव तो यही कहता है कि रहली से आठ बार के विधायक भार्गव इस बार के चुनाव में काफी बड़ी जीत की ओर अग्रसर होंगे। विकास तो भाजपा पार्टी का है ही लेकिन करेगा कौन। कोई मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता ही करेगा और रहली में विकास कर रहे है गोपाल भार्गव और इसका लाभ जनता को मिल रहा है। गोपाल भार्गव एक ही विधानसभा से आठ बार विधायक व मध्यप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री है इसी तरह उत्तरप्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ही ऐसे नेता है जो मंत्री भार्गव की तर्ज पर काम करते है एवं लगातार आठ बार से विधायक है। इस दौरान भाजपा नेता अभिषेक भार्गव, सुरेश कपास्या, दिनेश लहरिया, देवराज लोधी, मितेन्द्र चौहान, राजेन्द्र जारोलिया, संजय दुबे, अमित नायक विक्की जैन सहित पत्रकार मौजूद थे।



## सरोज सिंह ने सुमरेरी व नारधा में 14 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी



**खुरई, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने सुमरेरी में 2.37 करोड़ एवं नारधा में 11.78 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम मूड़री, सुमरेरी, बलोप एवं नारधा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मूड़री में मंत्री श्री सिंह द्वारा किए गए 1.65 करोड़, सुमरेरी में 32 लाख के विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की मांग पर मंत्री श्री सिंह द्वारा यहां सड़क बना दी गई है, मंत्री श्री सिंह का प्रयास है कि क्षेत्र के हर गांव में सड़क, पानी, बिजली, स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन इसलिए किया जाता है कि आप अपनी समस्याएं मुझे बता सकें, जिन्हें मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निराकृत कराया जा सके। अगर कोई समस्या या विकास कार्य प्रदेश स्तर का है तो आप मंत्री भूपेन्द्र सिंह को बताईये वे उसे दिल्ली, भोपाल तक ले जाकर पूरा कराएंगे। क्षेत्र में लगातार शिविरों का आयोजन हो रहा है जिसमें लोगों की समस्याओं का हल निकाला जा रहा है।

## सार-समाचार

### पात्र लाडली बहनो को राशि अंतरण लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत सभी पात्र बहनो के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों मे रक्षाबंधन उपहार स्वरूप की लगभग 1 करोड़ 25 लाख लाडली बहनो के खाते मे रक्षाबंधन उपहार स्वरूप 312.64 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भोपाल जिले के जम्बुरी मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण नगर पालिका परिषद मकरोनिया में दिखाया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहनों के खाते में रक्षाबंधन उपहार स्वरूप राशि का अंतरण किया गया। नगर पालिका क्षेत्र की लाडली बहनों के द्वारा विधायक प्रदीप लारिया को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया और विधायक ने सभी लाडली बहनों के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्नेह जताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप लारिया, सभी पार्षद, रीता कैलासिया, अमन जैन, वर्षा साहू, विजय जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र की लाडली बहने उपस्थित रही।

### अज्ञात कारण के चलते युवक की हत्या, पुलिस जांच पडताल में जुटी



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा के नेमीनगर के नजदीक फिल्टर के पास रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची शव की जांच की। मृतक की पहचान संजय कालोनी निवासी शोहेल खान के रूप में हुई। जो दो दिन से घर से लापता था। जानकारी अनुसार दो दिन पहले शोहेल खान और उसके भानेज शोहेल खान की गुमशुदगी की रिपोर्ट बण्डा थाने में दर्ज कराई थी। मामा सोहेल खान का शव नेमीनागर मंदिर के पास मिला। वहीं भानेज सोहेल खान लापता है जिस पर शक जताया जा रहा है। एडिशनल एस पी संजीव उइके भी घटना स्थल पहुंच गए थे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर विवेचना में लिया।

**इनका कहना है:-**

आरोपी अभी कौन है इसका पता नही चला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**संजीव उइके, एएसपी सागर**

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया गया स्वास्थ्य

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे के द्वारा दस्तक अभियान के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एमएल जैन के मार्गदर्शन में विशेष कैंप आयोजित किया गया। जिसमें कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों के जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों की जांच की गई एवं आवश्यक दावाओ का वितरण किया जा रहा है। डॉ. जैन ने बताया कि आयोजित स्वास्थ्य सागर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उनका कुपोषित अति कुपोषित की भी जांच की गई एवं आवश्यक दावाओ को उपलब्ध कराया गया।

## भाजपा सरकार ने बहनों को अनेक सौगातें दी हैं: लखन सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** महाकाली टीन शेड में आयोजित लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों के वृहद सम्मेलन में मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द सिंह ने अथक प्रयास करके 60 हजार बहनों को लाड़ली बहना बनाया है। इसके साथ ही 21 वर्ष उम्र की करीब 15 हजार बहनों के नाम भी योजना में जुड़ गये हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने रक्षा बंधन की पूर्व बेला में गैस सिलेण्डर के दाम घटाकर 450 रूपए करने की घोषणा की है। उन्होंने अपना वायदा पूरा करते हुए लाड़ली बहना को एक हजार से बढ़ाकर साढ़े बारह सौ रूपए कर दिए हैं। आप सबके खातें में आज ढाई सौ रूपए डाले हैं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। जन-जन का ख्याल रखने वाले ऐसे मुख्यमंत्री और मंत्री भूपेन्द्र सिंह सबको मिलें। भाजपा सरकार बहनों को मजबूत बनाने का काम कर रही है। मंत्री प्रतिनिधि ने सम्मेलन में उपस्थित बहनों को मंत्री भूपेन्द्र सिंह की तरफसे रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं।

### कथा स्थल का किया निरीक्षण, दिशा निर्देश दिए

आगामी 6 सितंबर से पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से होने वाली हनुमंत कथा के स्थल का वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय हनुमंत कथा आयोजन खुरई में नवीन कृषि उपज मंडी व मॉडल स्कूल के निकट 6, 7 एवं 8 सितंबर को किया जाना है। व्यवस्थाओं में बारिश के मौसम के अनुकूल पंडाल, विभिन्न स्थलों पर पार्किंग जोन, पेयजल व्यवस्था, अस्थाई शौचालय, आवासीय व्यवस्था व आवागमन रूट निर्धारण संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रेखा चौधरी बनी प्रदेश कांग्रेस में महासचिव



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर जिला शहर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी की नियुक्ति की गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की सहमति से उक्त नियुक्ति की है। लंबे समय तक शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहीं रेखा चौधरी ने अनुसूचित जाति वर्ग की दबंग नेत्री के रूप में सभी वर्गों में अपनी अलग पहचान बनाई है। अध्यक्ष पद से मुक्त होने के बाद भी जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता बनी रही है। रेखा चौधरी ने अपनी इस नई जिम्मेदारी पर कहा है कि उन्हें बेहद गर्व और खुशी महसूस हो रही है कि पार्टी ने उनकी सेवाओं, समर्पण, निष्ठा और सक्रियता का मूल्यांकन कर विधानसभा चुनाव के ठीक पहले यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। प्रदेश महासचिव के पद पर रेखा चौधरी की नियुक्ति का जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, जिला प्रभारी अवनीश भार्गव, सह प्रभारी अजय दांतरे, विधायक हर्ष यादव व तरवर सिंह लोधी, पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे, वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सुनील जैन, प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रांतीय व केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त कर अपनी बधाई दी।

## जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये



**सागर, देशबन्धु।** जिला औषधि विक्रेता संघ सागर में हुए चुनाव परिणाम की घोषणा एमपीसीडीए से आए पर्यवेक्षक अनिल कोटवानी सचिव औषधि विक्रेता संघ दमोह एवं लखन मोदी संभागीय सचिव की उपस्थिति में मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेंद्र जैन, सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश बजाज, पीतांबर साहू ने चुनाव परिणाम की घोषणा की जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए अध्यक्ष पद के लिए अशोक जैन, उपाध्यक्ष पद के लिए रवि गुप्ता, मीनेष चौधरी, सचिव पद के लिए अनिल जैन, कोषाध्यक्ष के लिए सुरेंद्र जैन, पीआरओ पद के लिए अरुण तारण, संगठन सचिव के लिए राजेश जैन, सह सचिव पद के लिए प्रदीप जैन एवं दिलीप दुधानी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यक्रम में शहर के अतिरिक्त जिले की अन्य क्षेत्रों से आए अन्य केमिस्ट साथी भी उपस्थित रहे। ग्रामीण उपाध्यक्ष पद के लिए हरीश चौरसिया गढ़ाकोटा एवं विनोद भड्डर बीना भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

## प्रवासी विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों की बैठकें ली

**राहतगढ़, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर उन्नाव जिले के भगवंतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी विधायक आशुतोष शुक्ला ने भाजपा मंडल मोर्चो के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ, जनप्रतिनिधियों, बूथ अध्यक्ष, सामाजिक संगठनों की अलग-अलग बैठकों में उन्हें मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को विधानसभा चुनाव में जिताने के लिए बैठी हुई है। बस आप उनके संपर्क में रहे और उनसे मिलते रहें और उन्हें केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ दिलाएं। इस मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाबसिंह राजपूत, वीरेंद्र पाठक, रामेश्वर नामदेव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अमित राय, रामकुमार पप्पू तिवारी, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मनुष्य को अपने कामकाज को रामकाज से जोड़ देना चाहिए: केशव महाराज



**मकरोनिया, देशबन्धु।** पवित्र श्रावण माह के अवसर पर साहब सिंह ठाकुर के निवास ग्राम केरबना में हो रहे तीन दिवसीय श्री शिव महापुराण सत्संग एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा के साथ भव्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र सिंह, राज बहादुर सिंह ने बताया कि जी ने बताया कि पं. केशव महाराज का आगमन पर शारदा मंदिर से ढोल नगाड़ा एवं अखाड़े के साथ स्वागत किया गया और झंडा बाबा मंदिर सिद्ध स्थान से कलश यात्रा निकाली गई। शिवलिंग निर्माण के उपरांत केशव महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण की कथा में कहा कि भगवान शिव के पास में जो महामंत्र है जिस मंत्र के प्रभाव से वह संसार का निर्माण, पालन पोषण और लय करते हैं वह मंत्र राम नाम रूपी महामंत्र है जिसे वह अहर निस जपा करते हैं एक बार देवी पार्वती जी ने महादेव से पूछा आप हमेशा किसके ध्यान में रहते हैं और आपके इष्ट कौन हैं। इस पर श्री महादेव जी देवी पार्वती जी से कहते हैं हे सुमुखी! राम नाम विष्णु सहस्त्रनाम के तुल्य है। मैं हमेशा उन्हीं के नाम का स्मरण करता हूं। मनोरम राम नाम में ही रमण करता रहता हूं। वही मेरे इष्ट हैं। और मैं इसी नाम के प्रभाव से सारी सृष्टि का संचालन भी करता हूं, जो भी मनुष्य इस नाम की महिमा को जान लेता है वह जगत में बंदनीय हो जाता है जिस तरह भगवान श्री गणेश ने भी राम के नाम की महिमा को जान करके प्रथम पूज्य हो गए महर्षि वाल्मीकि ने भी राम के नाम की महिमा को जाना तो ब्रह्म ऋषि बन गए और राम के नाम के प्रभाव से ही भगवान शिव ने विष का पान किया तो वह विष भी अमृत का फल देने लग गया, तो यह भगवान के नाम की ही महिमा है भगवन नाम की महिमा है इसीलिए कहा गया है राम से बड़ा राम का नाम, प्रत्येक मनुष्य को कामकाज से रामकाज को जोड़ देना चाहिए, हर कार्य में जब राम की इच्छा आ जाएगी तो निश्चित रूप से हमारा मानव जीवन सफल हो जाएगा।

## पहली बार भगवान भोलेनाथ अपने परिवार के साथ निकले भ्रमण पर



**जैसीनगर, देशबन्धु।** प्रसिद्ध और सबसे प्राचीन बड़े महादेव मंदिर का नवनिर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात भगवान भोलेनाथ सपरिवार और भगवान लव कुश की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जारी है। वही भगवान भोलेनाथ गर्भ गृह में विराजमान होने के पहले जैसीनगर के भ्रमण पर निकले इस दौरान पूरे नगर वासियों ने पलक पावडे बिछा कर भगवान भोलेनाथ सपरिवार और भगवान लव कुश का स्वागत किया। शाही सवारी को देखते हुए पूरे जैसीनगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था प्रत्येक घर के द्वार पर रंगोली और दीपक जलाए गए थे। जैसे ही भगवान भोलेनाथ नगर की गलियों से गुजरे तो लोगों ने फूलों की बरसात कर बाबा भोलेनाथ का स्वागत कर नगर की सुख समृद्धि की कामना की। वही भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी के आगे गाजे बाजे अखाड़े और डमरु वादन किया जा रहा था इस दौरान अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं डमरु की गड़गड़ाहट से पूरा जैसीनगर गुंजायमान हो उठाए नगर वासियों ने जगह-जगह ठंडाई जूस फलों का वितरण भी किया। नगर के लोग बताते हैं कि यह पहला मौका है जब भगवान भोलेनाथ जैसीनगर के भ्रमण पर निकले बाबा भोलेनाथ की शाही सवारी में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत भी शामिल हुए जिन्होंने बाबा भोलेनाथ की आरती उतारी और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

## 50 घंटे सफाई अभियान चलाकर बांदरी ने बनाया नया इतिहास

### सीएमओ ने स्वच्छता कर्मियों को दी बधाई



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर परिषद बांदरी में में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का समापन परिषद के वार्ड पिठोरिया में किया गया। यह स्वच्छता अभियान बिना रूके लगातार पचास घंटे चला जो मप्र में पहली नगर परिषद बांदरी बना जिसकी पूरे पचास घंटे की वीडियो ग्राफी के साथ जियोटेग लोकेसन भी कराई गयी है, सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया मंत्री भूपेन्द्र सिंह के आदेनुसार स्वच्छता के लिए यह अभियान चलाया गया, श्री मेहतेले ने इस महाअभियान में लगे सभी स्वच्छता कर्मियो को बधाई दी व कहा कि आप लोगो की मेहनत से ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सके। श्री मेहतेले ने कहा कि स्वच्छता अभियान एक जन आंदोलन बने और इसे पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपना कर्तव्य समझना होगा। स्वच्छता अभियान का लक्ष्य सभी को सफाई के लिए प्रेरित करना है। पचास घंटे का स्वच्छता सेवा महाभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बिना रूके बिना थके इस अभियान से मप्र में बांदरी पहली नगर परिषद बना। इस अवसर पर महेश पाराशर, लोकेंद्र सिंह राजपूत, नीतेश श्रीवास्तव, सचिन साहू, दम्मू आदिवासी सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर किसी के दर्द से परिचित हैं वीरेन्द्र सिंह लंबरदार

**बण्डा, देशबन्धु।** दिखावे से दूर सरल सहज स्वभाव के कारण भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लंबरदार कभी कभी पत्रकारो के प्रश्नों से असहज हो जाते हैं सच कहा जावे तो प्रत्याशी राजनैतिक लटका झटका नही जानते और किसी बात को बढा चढाकर बुंदेली भाषा में कहें तो झूठी डींगे नही हांकते अपनी सरकारी नौकरी शिक्षक के पद को छोड़कर राजनीति में उतरे वीरेंद्र सिंह लंबरदार हर उस तकलीफ से वाकिफ है जो आम लोगो की जिंदगी में आती रहती हैं शिक्षक होने से अपने साथी कर्मचारियों की स्कूल में आने वाले अभिभावकों की किसान होने से किसानों की समाजसेवी होने के कारण समाज की तकलीफ से अच्छी तरह परिचित है यह कम बात है कि किसी के परिवार में आये असमय दुख के बाद कुप्रथा मृत्यु भोज में दिखावे एवं प्रतिष्ठा के नाम पर व्यर्थ में लाखों रुपये खर्च होने एवं कर्जदारी से बाद में परिवार में होने वाली कलह विवाद से बचाने के लिए द्रवित दुखी होकर मृत्यु भोज बंद कराने के लिए एक अभियान चलाया जिसका सुखद परिणाम यह निकला कि अन्य समाज के लोग भी मृत्यु भोज न करने का संकल्प ले रहे हैं।

## चलती ट्रेन पर गिरा ओएचई लाइन का तार, करंट फैलने के डर से मचा हड़कंप



**बीना, देशबन्धु।** बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस पर ओएचई लाइन का तार टूटकर गिर पड़ा। करंट फैलने के डर से ट्रेन में हड़कंप मच गया। बीना-कटनी रेलवे ट्रैक पर दौड़ रही बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस पर ओएचई लाइन टूटकर गिर गई। इससे इंजन का पैंड्राल टूट गया। हादसा सागर के खुरई और बघौरा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। लोको पायलट ने समय रहते ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद सभी यात्री ट्रेन से सकुशल उतर आए। रेलवे के उच्च अधिकारियों को सूचना देकर ओएचई लाइन की सप्लाई को रुकवाया गया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, ओएचई लाइन में कट होने की वजह से ट्रेन का पैंड्राल तार में फंस गया होगा। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। सागर रेलवे स्टेशन के प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि फिलहाल कटनी से बीना ट्रैक बंद रखा है। लाइन की मरम्मत में करीब 5 घंटे का समय लगेगा। करीब 1 किलोमीटर का तार टूट चुका है। रेलवे की टावर टीम सुधार कर रही है। अभी तीसरी लाइन से गाड़ियां निकाली जा रही हैं। दोपहर करीब 3.45 बजे डीजल इंजन लगाकर ट्रेन को बघौरा स्टेशन लाया गया। जांच के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर-भोपाल ट्रेन 11.30 बजे खुरई स्टेशन से निकली। करीब 10 किलोमीटर चलने के बाद ओएचई तार को इंजन से जोड़ने वाला पैंड्राल टूट गया। कटनी से भोपाल की यात्रा कर रहे एक यात्री ने बताया कि तार नीचे गिरने से गिट्टी की आवाज आ रही थी। तार हमारे कोच में उलझने लगा। करंट फैलने के डर से तुरंत चेन पुलिंग की। जिसके बाद ट्रेन रुकी। सेफ्टी फीचर के कारण ओएचई लाइन के टूटते ही करंट सप्लाई बंद हो गई थी। यदि सप्लाई जारी रहती तो बोगियों में करंट फैल सकता था। ओएचई लाइन में 25 हजार वोल्ट की सप्लाई रहती है। तार टूटने की स्थिति में अर्थ मिलते ही लाइन फॉल्ट हो जाती है। लेकिन अर्थिंग मिलते ही विस्फोट जैसी आवाज आने लगती है। इस घटना में भी ऐसा ही कुछ हुआ।

## ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र पर परमात्म रक्षासूत्र कार्यक्रम हुआ आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र पर परमात्म रक्षासूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से उप्र के उन्नाव से विधायक पंकज गुप्ता और जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला सप्रे ने विशेष रूप से भाग लिया। साथ ही परमात्म रक्षासूत्र बंधवाया। कार्यक्रम में बीना सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सरोज दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार हमारी भारतीय गौरवशाली परंपरा और संस्कृति को दिखाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति को सबसे ज्यादा जरूरत खुद को नकारात्मक सोच से आजाद रहकर स्वयं की रक्षा करने की। क्योंकि अपराध, हिंसा, विवाद, नशा और सभी तरह की आपराधिक प्रवृत्तियों की जड़ हमारी नकारात्मक सोच ही है। यदि हमने खुद को नकारात्मक, व्यर्थ विचारों से मुक्त रहने की, अपने आप की रक्षा करने की कला सीख ली तो जीवन आसान बन जाएगा। परमात्मा उसी की मदद करते हैं जो अपनी मदद खुद करना जानता है। उन्नाव विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि जो कार्य हम लोगों को करना चाहिए वह कार्य ब्रह्माकुमारी बहनें कर रही हैं। यह संस्था समाज को सही दिशा प्रदान कर रही है। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्रों पर जाने मात्र से ही हमें शांति की अनुभूति होती है। ऐसे समाजसेवी कार्य में हम सभी को हर संभव मदद करना चाहिए। जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला सप्रे ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग और तपस्या सराहनीय और अनुकरणीय है। संस्था द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों और अध्यात्म की शिक्षा दी जा रही है। यहां सिखाए जा रहे राजयोग को सीखकर लोगों में निश्चित रूप से परिवर्तन आता है। वरिष्ठ भाजपा नेता विजय हुरकट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यूथ विंग की क्षेत्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी जानकी दीदी ने कहा कि रक्षासूत्र बांधने के पहले भाइयों को बहनें तिलक लगाती हैं इसका अर्थ है कि सदा अपनी आत्मा की स्मृति में रहें। जब हमें आत्मा की स्मृति रहती है तो परमात्मा की याद स्वत: आती है। समापन पर सभी को परमात्म रक्षासूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया।

## सार समाचार

### युवा मोर्चा ने निकाली बाईक रैली



**खजुराहो, देशबन्धु।** रविवार को पर्यटन नगरी के प्रवास पर रहीं उत्तरप्रदेश के कानपुर जिले की कल्याणपुर विधानसभा से भाजपा विधायक नीलिमा कटियार के स्वागत में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विशाल बाईक रैली निकाली गई। इस मौके पर राजनगर विधानसभा के प्रभारी हरिनारायण अवस्थी, संयोजक राकेश पटेल, रुद्र प्रताप सिंह राजनगर, दिनेश गौतम जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अरविंद रावत, रत्नेश मिश्रा, महेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, पप्पू कुशवाहा, प्रमोद अहिरवार, राकेश अहिरवार, खिल्लू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अनुजय बने ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष

**छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व ब्राह्मण परिषद ने अनुजय पाठक को सागर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से उनकी नियुक्ति की गई है और संभाग के सभी जिलों में जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा अध्यक्ष और महिला मोर्चा अध्यक्ष बनाने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। इस अवसर पर अनुजय ने कहा कि वे समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित संगठन के कार्यों को एक नया रूप देने का प्रयास करेंगे। अनुजय को संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सर्व ब्राह्मण समाजजनों ने बधाई प्रेषित की है।



### छात्रों के बिच हहुई हाथापाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के हटवारा इलाके में स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी इन दिनों विवादों का अड्डा बना हुआ है। यहां अध्ययनरत बच्चों के बीच आए दिन विवाद हो रहे हैं। इसी क्रम में एक बार फिर इस विद्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें शाला के विद्यार्थी आपस में हाथापाई करते दिख रहे हैं। यह वीडियो वायरल होने के बाद जब पुलिस तक पहुंचा तो कोतवाली थाना के आरक्षक कपिल घोष ने विद्यालय जाकर झगड़ के संबंध में जानकारी ली है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि विद्यार्थी आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे हैं और उनके बीच हाथापाई भी हो रही है।

### विधायक कबड्डी कप में हुए रोमांचक मुकाबले

# छतरपुर की लड़कियों और पिड़पा की लड़कों ने जीती ट्रॉफी



- **हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं : चतुर्वेदी**

**छतरपुर, देशबन्धु।** सागर रोड पर स्थित विधायक आलोक चतुर्वेदी के खेलग्राम में दो दिनों तक आयोजित हुई विधायक कबड्डी कप प्रतियोगिता में छतरपुर विधानसभा की 41 बालक-बालिका टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। मप्र शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में लड़कों की ओर से पिड़पा की टीम विजेता बनी तो वहीं लड़कियों की ओर से छतरपुर कबड्डी गर्ल्स ने ट्राफी जीती। फाइनल मुकाबले शनिवार की देर शाम खेले गए। मुकाबलों के बाद विधायक आलोक चतुर्वेदी, उनके पुत्र नीतिश चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी भेंट की।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि कबड्डी के इस टूर्नामेंट में छतरपुर की प्रतिभाशाली कबड्डी टीमों ने अपने खेल के शानदार प्रदर्शन से सबका दिल जीता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बताता है कि छतरपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, हम लगातार ऐसी प्रतिभाओं को मौका देते रहेंगे।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में पिड़पा और सलैया के बीच खेला गया जिसमें पिड़पा की टीम विजेता रही। लड़कियों की ओर से छतरपुर कबड्डी क्लब और रामजानकी नैगुवां के बीच मुकाबला हुआ जिसे छतरपुर कबड्डी क्लब ने जीत लिया। दिलचस्प बात ये रही कि टूर्नामेंट का शुभारंभ मुकाबला ही पिड़पा ने खेला और फाइनल मुकाबला भी पिड़पा ने ही जीता। इस मौके पर विनर टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल के साथ 11 हजार रूपए की राशि, उपविजेता टीम को 5 हजार रूपए की राशि व तृतीय स्थान पर आई टीम को 2100 रूपए की राशि भेंट की गई।

# तहसीलदार ने अवैध रेत खदान पर की छापामार कार्यवाही



**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के सरसेड़ और चपरन गांव में खनन माफियाओं द्वारा बेखौफ हो कर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर संदीप जे आर के निर्देश पर नौगांव तहसीलदार संदीप तिवारी ने राजस्व अमले के साथ रविवार को चपरन-सरसेड़ में संचालित अवैध रेत खदानों पर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया, जिसे थाना पुलिस के सुपुर्द कर थाना परिसर में रखवाया गया है। इसके अलावा तहसीलदार ने चपरन गांव में शासकीय जमीन पर किये जा रहे अवैध खनन स्थन का भी निरीक्षण किया। मौके पर तहसीलदार को शासकीय जमीन पर मशीनों से अवैध उत्खनन किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। बताया जा रहा है कि अब तक यहां से लाखों धनमीटर रेत का अवैध खनन किय जा चुका है। तहसीलदार ने पंचनामा बना कर माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है। सूत्रों की मानें तो पूर्व में तत्कालीन तहसीलदार सुनीता सहनी ने चपरन की शासकीय जमीन पर अवैध खनन का जाँच प्रतिवेदन बनाया था लेकिन आज तक जुर्माना, एफआईआर की कार्यवाही न होने माफियों के हौसले बुलंद हैं।

## राहुल के राज्यमंत्री बनने पर हुआ स्वागत



**घुवारा, देशबन्धु।** गत दिनो भजपा सरकार द्वारा मंत्री मंडल का गठन करते हुये खाली बचे मंत्री पदो को शामिल किया गया जिसमे बुंदेलखंड की खगरगापुर विधान से विधायक राहुल सिंह लोधी को शामिल क राज्यमंत्री बनाया गया राज्यमंत्री बनने पर खरगापुर विधानसभा सहित आस पास की विधानसभा के कार्यकर्तो मे खुशी का माहौल है उसी तारतम्म मे रविवार को भोपाल से अपनी विधामसभा खरगापुर के लिए रवाना हुये जिसपर करीब 4 बजे घुवारा नगर पहुंचे। घुवारा नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर ने सौकडो भाजपा कार्यकर्तो के साथ नगरपरिषद तिराहे पर बैंड बाचो के साथ मंत्री राहुल लोधी का भव्य स्वागत किया स्वागत की बेला उपरांत मंत्री राहुल लोधी नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह के निज निबास पर गये जहां अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह ने मंत्री का फूल माला शाल श्रीफल तिलक लगाकर स्वागत किया उसके बाद उपाध्यक्ष कुसुम जगन कुशवाहा के द्वारा स्वागत किया स्वागत की बेला मे नगरपरिषद सीएमओ रत्नेश दुवे के साथ परिषद के स्टाप ने मंत्री का भव्य स्वागत किया

## अटल पार्क में किया पौधरोपण



**छतरपुर, देशबन्धु।** संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस के द्वारा आज सुबह सर्किट हाउस के पास स्थित अटल पार्क में पौधरोपण किया गया। संगम सेवालय के सदस्य दीपू चतुर्वेदी ने बताया कि सबसे पहले पार्क की साफ सफाई की गई और यहाँ पर जमी खरपतवार को हटाया गया फिर यहाँ पर सभी सदस्यों ने पौधे लगाए। हमारी टीम ने इस पार्क को विकसित करने की जिम्मेदारी ली है। हम इस पार्क में लगाये पौधों की सेवा बड़े होने तक करेंगे। आज पौधारोपण के समय विपिन अवस्थी, देवकीनंदन साहू, लखनलाल अग्रवाल, हरेन्द्र सिंह चंदेल, दीपू चतुर्वेदी, दिल्लाराम अहिरवार, प्रमोद रैकवार, जीतेंद्र शर्मा, गौतम विश्वकर्मा और ऊदल उपस्थित रहे।

## देशी डिप्लोमा के प्रमाण पत्रों का वितरण



- **कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ कार्यक्रम का आयोजन,**

**छतरपुर /नौगांव, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र में रविवार की दोपहर कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर वार्षिक देशी डिप्लोमा के बैच नम्बर 11 के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कामाख्या प्रताप सिंह उपस्थित रहे। के पी अहिरवाल संचालक सिएट भोपाल के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद प्रमाण पत्रों का वितरण किया। मुख्य अतिथि ने बनने वाले नए इनपुट डीलर को शुभकामनाएं दीं। प्रमाण पत्र पाने वालो में 36 जेंट्स कैंडिडेट तथा चार महिला कैंडिडेट शामिल रही। कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक डॉक्टर बी पी सूत्रकार उप संचालक कृषि, परियोजना संचालक आत्मा तथा बैच के फैसिलिटीटर ने देसी डिप्लोमा की महता तथा उसे करने की योग्यताओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी द्य कार्यक्रम में नौगांव विकासखंड के इनपुट डीलर तथा विभागीय सेवानिवृत अधिकारी मौजूद रहे द्य संचालक सिएट की ओर से डॉ बी पी सूत्रकार को प्रदेश में सबसे ज्यादा बैच का संचालन करने के लिए प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदाय की गई। कृषि विभाग के द्वारा तथा इनपुट डीलर के द्वारा केपी अहिरवाल संचालक सिएट का मध्य प्रदेश को देश भर में प्रथम स्थान पर लाने के लिए शील्ड ,साल एवम श्रीफल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव सक्सेना ने किया। कैंडिडेट के द्वारा बिजनेस प्रारंभ करके कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने की बातें कहीं गई। संचालक के द्वारा बताया गया कि देसी डिप्लोमा धारी को 20 लाख रुपए तक का लोन दिए जाने का प्रावधान शासन के द्वारा किया गया, जिस पर 40त्न मतलब 8 लाख रुपए सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। यह कार्यक्रम बड़ी तेजी से छतरपुर जिले में संचालित हो रहा है ,जहां पर कई प्रदेशों के कैंडिडेट के साथ-साथ मध्य प्रदेश से कई जिलों के प्रतिभागी देसी डिप्लोमा का अध्ययन कर रहे हैं।

### विधायक के प्रयासों से 2 अस्पतालों का हुआ उन्नयन

# अब बिजावर में होगा सिविल अस्पताल

- **सटई का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र**

**बिजावर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू के प्रयासों से बिजावर विधानसभा को एक और बड़ी सौगात मिली है। विदित हो कि पिछले दिनों बिजावर में आयोजित हुए मौनिया महोत्सव में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान से विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बिजावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सिविल अस्पताल और सटई के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन किए जाने की मांग की थी। उक्त मांग को जायज मानकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा कर दिया है, जिसके लिए क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक श्री शुक्ला ने उनका आभार जताया है।



बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि मौनिया महोत्सव में उनके द्वारा की गई मांग पर विचार कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजावर के 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन करते हुए 50 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल के रूप में किया है। इसके अलावा बिजावर विधानसभा के सटई नगर के 6 बिस्तर वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन किया है।

यह निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। विधायक ने कहा है कि उक्त दोनों ही अस्पतालों का उन्नयन होने से निश्चित तौर पर सटई और बिजावर के अस्पतालों पर निर्भर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इस सौगात के लिए विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आत्मीय आभार व्यक्त किया है। विधायक ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय द्वारा इस आशय का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## कीचड़ से ग्रामीण परेशान

**गौरिहार, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाले ग्राम पचवरा में चंदला-गौहानी मार्ग से पंचायत भवन और स्कूल जाने वाले रास्ते दलदल में तब्दील हो गए हैं। दोनों मार्गों पर कीचड़ और जल भराव से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कीचड़ के कारण राहगीरों, ग्रामीणों सहित स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी होती है। ग्रामवासियों ने बताया करीब 10 वर्ष पूर्व विधायक निधि से पंचायत भवन से चंदला -गौहानी मार्ग तक सीसी रोड डलवाई गई थी जो वर्तमान में एक फुट धंस गई है और ऐसे हालात निर्मित हो गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक जब उन्होंने समस्या का समाधान कराने की मांग सरपंच से की तो सरपंच ने तकनीकी स्वीकृति न मिलने की बात कही। उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग से क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अटैया बाबा जाने वाले श्रद्धालु भी निकलते हैं जिन्हें भारी परेशानी होती है।

## कल्लू ठेकेदार ईद मिलादुन्नबी सदर बने



**छतरपुर, देशबन्धु।** अंजुमन इस्लामिया सदर सैय्यद जावेद अली ने रविवार को अंजुमन इस्लामिया कमेटी का विस्तार किया है। इस दौरान रानी तलैया के पास स्थित ग्रीन फील्ड इंग्लिश स्कूल में मुस्लिम समाज की एक बैठक बुलाई गई जिसमें कलीम अहमद उर्फ कल्लू ठेकेदार को ईद मिलादुन्नबी का सदर बनाया गया।

अंजुमन इस्लामिया सदर जावेद अली ने कहा कि मुस्लिम समाज के द्वारा उन्हें सदर चुना गया है इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वह समाजहित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि गठित की गई कमेटी के लोग जो भी फैसला लेंगे वह सभी लोगों को मान्य होगा। जहां भी, जिस समय उनकी जरूरत पड़ेगी वह 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान मुस्लिम समाज के द्वारा ईद मिलादुन्नबी सदर कलीम अहमद को बनाया गया। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों सहित सदर जावेद अली ने फूलमालाओं के साथ ईद मिलादुन्नबी सदर का स्वागत किया। करीम अहमद ने कहा कि वह ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांति, भाईचारा के साथ निकलवाने में सहयोग करेंगे। अंजुमन इस्लामिया कमेटी में सरपस्त हाजी इकरामउल्ला खान सिट्टी, वकील अहमद खान, फारूख अली, अब्दुल हनीफ, अनीस खान सहित 22 लोगों को रखा गया है। वहीं नायब सदर सचिव, सहसचिव, कानूनी सलाहकार, सदस्य और मीडिया प्रभारी को भी नियुक्त किया गया है।

## मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ग्रामीणों से किया संवाद



**छतरपुर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम ने महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया और गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह के साथ के साथ संयुक्त रूप से गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कस्बा गढ़ीमलहरा, कुर्राहा, ऊजरा और ग्राम उर्दमऊ के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने ग्राम के लोगो से संवाद किया।

वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम और महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया ने गढ़ीमलहरा थाने में पुलिस बल को चुनाव का प्रशिक्षण भी दिया।

प्रशिक्षण में उपस्थित पुलिस बल और अधिकारी-कर्मचारियों को बताया गया कि चुनाव में दौरान उन्होंने किस तरह से अपनी सेवाएं देनी हैं। इसके साथ ही चुनाव से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं ड्यूटियों के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

### सटई थाना परिसर में दिया गया प्रशिक्षण



रविवार को सटई थाना परिसर में भी चुनावी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर संकुल प्राचार्य जयप्रकाश सोनकिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सटई एवं प्राचार्य अनिल कुमार श्रीवास्तव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पड़रिया उपस्थित हुए। उन्होंने एसडीओपी बड़ामलहरा (अतिरिक्त प्रभार बिजावर) वीरेन्द्र बहादुर सिंह, थाना प्रभारी सटई आदेश जैन, चौकी प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह जादौन की उपस्थिति में थाना एवं चौकी के 23 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एसडीओपी ने विधानसभा चुनाव के कानूनी प्रावधान एवं कानून व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

### महाराजपुर विधानसभा में चुनावी रणनीति तैयार

# घोषित प्रत्याशी के विरोध के सवाल को टाल गए, प्रवासी विधायक



*__नौगांव, देशबन्धु।__ महाराजपुर विधानसभा में 7 दिन के प्रवास पर आए उत्तर प्रदेश के कुंडला से भाजपा विधायक प्रेम पाल सिंह धंगर ने रविवार की दोपहर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। प्रवासी विधायक ने पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के द्वारा दिए कार्यक्रम के तहत 7 दिनों का लेखा जोखा रखा। हालांकि महाराजपुर विधानसभा पत्रकार में घोषित प्रत्याशी को लेकर हो रहे विरोध के किसी भी सवाल का प्रवासी विधायक ने कोई जवाब नहीं दिया।*

*शहर में स्थित एक निजी होटल में रविवार की दोपहर महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवासी विधायक के रूप में पिछले 7 दिनों से भाजपा पार्टी के कार्यक्रम का क्रियान्वन कराने के बाद मीडिया से रूबरू हुए।*

*मीडिया से रूबरू होते हुए उत्तर प्रदेश एक फिरोजाबाद जिले की टुंडला विधानसभा से प्रवासी के रूप में आए विधायक प्रेम पाल सिंह धंगर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व संगठन ने प्रदेश की संपूर्ण 230 विधानसभा सीटों पर उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र के विधायकों को 7 दिन के प्रवास पर 13 कार्यक्रमों के साथ विधानसभा वार भेजा था। जिसमें मंडल कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, शक्ति एवं बूथ केंद्र अध्यक्ष के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना, दलित समाज के घर पर भोजन, व्यपारियों के साथ बैठक सहित 13 कार्यक्रम थे जिन्हें सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।*

देशबन्धु



सागर, सोमवार 28 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बच्चों तक फैलता नफ़रत का ज़हर

किसी भी सभ्य व्यक्ति को भीतर तक हिलाकर रख देने वाले मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के एक गांव के स्कूल के वायरल वीडियो ने बतला दिया है कि परस्पर घृणा का जहर बच्चों की नसों में तक दौड़ रहा है। इसमें एक निजी स्कूल की पांचवी कक्षा के बच्चे शिक्षिका के निर्देश पर एक मुस्लिम बच्चे को थप्पड़ मार रहे हैं। उस निरीह बच्चे की गलती मामूली सी रही होगी। शायद होमवर्क पूरा न करने या छोटी-मोटी शरारत की। जब बच्चे को उसके अन्य सहपाठी एक-एक कर थप्पड़ जड़ रहे थे तो वह शिक्षिका मुस्लिमों के खिलाफ सतत उवाच कर रही थी। वह बच्चों को और जोर से मारने के लिये भी उकसा रही थी। एक बच्चे को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर पिटवाना यह बताने के लिये काफी है कि ज़हर की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है और हमारे राजनीतिज्ञ इतनी फसल ले लेना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों तक को कमी न रहे। रूह कांप जायेगी यह सोचकर कि जिस बच्चे ने मार खाई और जो बच्चे अपने अल्पसंख्यक मित्र को सहर्ष पीट रहे हैं, दोनों किस मानसिकता के साथ बड़े होंगे और कैसा समाज रचेंगे।

अगर इस नफ़रत के स्रोत और जिस रास्ते से चलकर वह पीटने वाले बच्चों के दिलो-दिमाग में जा समाई है, उसकी शिनाख़्त करें तो कुछ बातें साफ हैं। पहली यह कि गैर बराबरी पर आधारित हमारी सामाजिक संरचना में एक-दूसरे के लिये नैसर्गिक आदर व सहज प्रेम का अभाव तो रहा है जो कहीं-कहीं तीव्र घृणा के स्तर तक पहुंच जाता है, तो भी देश के कुछ धर्म प्रवर्तकों, बड़े चिंतकों, दार्शनिकों, समाज सुधारकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक नेतृत्व करने वाले लोगों ने इसका असर अधिक नहीं होने दिया था। तमाम तरह की वैचारिक विभिन्नताओं और विविधतापूर्ण जीवन शैलियों के बीच बने-बढ़े समाज ने मान्यताओं व नज़रियों के अंतर के साथ जीना सीख लिया था। यहां तक कि हिन्दू धर्म से एकदम अलग तरह के धार्मिक विश्वासों को लेकर आये ईसाइयों, मुसलमानों, यहूदियों, पारसियों आदि के साथ भी यहां के लोग थोड़ी बहुत खटपट के साथ जीते हुए समावेशी समाज का ताना-बाना बचाये व बनाये रखने में कामयाब रहे। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि बहुतायत वाले इसी हिन्दू धर्म से बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म निकले, अनेक तरह के सम्प्रदाय बने और कई तरह की उपासना पद्धतियां निर्मित हुईं; पर सभी की आपस में निभती रही। इसी बहुरंगी समाज ने भारतीय कुनबे को शक्तिशाली बनाया जो जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहा, फिर वह चाहे वे कलाएं हों या साहित्य, विज्ञान हो अथवा दर्शन।

भारत में विविधता के बीच जो एकता थी, उसने फिरंगियों के खिलाफ स्वतंत्रता पाने के पहले संग्राम को मिल-जुलकर लड़ने की प्रेरणा दी। इसकी नाकामी के बावजूद एक संगठित समाज फिर से बना जिसने अपनी आजादी की लड़ाई के लिये खुद को नये सिरे से तैयार किया। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता की राह पर देश के प्रमुख सम्प्रदायों- हिन्दुओं एवं मुसलमानों को साथ लिया लेकिन दोनों समुदायों के बीच मौजूद फिरकापरस्त तत्वों ने परस्पर वैमनस्यता को हवा दे दी। मुस्लिम लीग ने अपने लिये अलग देश बनाया और भारत में हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देश के बंटवारे के बाद भी साम्प्रदायिकता नहीं छोड़ी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस खाई को खत्म करने के लिये विकास व खुशहाली को हथियार बनाया। जो कट्टर तत्व सत्ता से दूर रहे वे उस तक पहुंचने के लिये घृणा के मार्ग पर चलते रहे और यह भी मानते रहे कि अलग धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा अपनाने में कोई बुराई नहीं। इसकी प्रेरणा भी उन्हें उसी धर्म से मिलती रही जिसे कतिपय अपरिहार्य कारणों से मध्य युग में युद्ध का सहारा लेना पड़ा था।

बहरहाल, सभी धर्मों की कट्टरता को पूर्ववर्ती सरकारों ने दबाये रखा। बेशक, कई प्रकरणों में उन्हें सफलता नहीं मिली पर नफरत व हिंसा का समर्थन किसी भी सत्ता ने कभी नहीं किया। यह हाल का फिनोमिना है। आरएसएस की राजनैतिक विंग भारतीय जनता पार्टी की ताकत बढ़ने के साथ यह भावना बढ़ी, साथ ही साम्प्रदायिक हिंसा व घृणा आधारित घटनाएं भी। 1991 में अयोध्या की बाबरी मस्जिद को ढहाया गया और उसके कारण भाजपा ताकतवर होती चली गई, तो इस फार्मूले को आगे भी अपनाये जाने हेतु धर्म राजनैतिक विमर्श के केन्द्र में आ गया। जब धर्म आ ही गया तो साम्प्रदायिक सोच पर आधारित सियासत का बोलबाला हुआ जिसके दो पाये घृणा व हिंसा ही हैं। 2002 में गुजरात का गोधरा कांड अंततः भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में पहली तथा 2019 में दूसरी बार सत्ता के शीर्ष पर बिठाने में कामयाब रहा।

अब यही देश का नया राजनैतिक विमर्श है। तमाम तरह की नीतियों व योजनाओं की नाकामयाबी के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिये सामाजिक ध्रुवीकरण भाजपा के लिये अपरिहार्य हो गया है। उसके पिछले करीब 9 वर्षों के कार्यकाल में हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान, नमाज़ बनाम हनुमान चालीसा, कपड़ों से पहचान- जैसे मुद्दे सिर चढ़कर बोल रहे हैं। मुजफ्फरनगर, कैराना या दिल्ली के दंगे हों अथवा हाल में हुई मणिपुर, नूंह की वारदातें या फिर जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में मुस्लिमों को चुन-चुनकर मारना- सारी उसी सामाजिक-राजनैतिक विमर्श की किश्तें हैं। नेता हो या प्रजा, महिलाएं हों या पुरुष, बच्चे हों या शिक्षक- सत्ता के साथ सभी ने इस संस्कृति को आत्मसात कर लिया है। हर कोई यही होता देख रहे हैं। मुजफ्फरनगर की इस घटना से सावधान होने की ज़रूरत है क्योंकि पानी अब खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा है।

# मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज

संयोजक बनाना, 11 सदस्यीय संचालन समिति बनाना, लोगो इशु करना सब अच्छी बात है। एक दो और दलों का भी शामिल होना और अच्छी बात है! मगर जनता के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उसे देने के लिए आप क्या घोषणा करने वाले हैं?

कामन मिनीमम प्रोग्राम अलग बात है। वह बड़ा फलसफा होता है। यहां मुंबई से 1942 की तरह घोषणा होना चाहिए- 'सरकार छोड़ो!'

मुंबई अधिवेशन था तो कांग्रेस का मगर आज की तरह उस समय भी सारी जन समर्थक ताकतें एक हो गई थीं और अंग्रेजों के बढ़ते जुल्म से त्रस्त जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाह से देखने लगी थी। इधर-उधर की बातों, घुमा-फिराकर कहने का समय चला गया था। सीधी कार्रवाई, डायरेक्ट एक्शन का वक्त आ गया था। महात्मा गांधी के आंदोलन शुरू करते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसी अगस्त महीने की 8 तारीख को मुबंई में वह ऐतिहासिक हुंकार भरी- 'अंग्रेजों भारत छोड़ो!'

समय अब कम बचा है। छह महीने बाद मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और जिस तरह की चर्चाएं राजनीतिक क्षेत्रों और ब्यूरोक्रेसी में चल रही हैं उन्हें देखते हुए तो कहा जा सकता है कि चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं। कभी भी। मोदी सरकार का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। 'इंडिया' का ग्राफ चढ़ रहा है। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन ज्यादा ताकतवर बने प्रधानमंत्री मोदी चुनाव करवा सकते हैं।

इसलिए इस मुंबई बैठक को विपक्ष को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। दो स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक नफरत और विभाजन के खिलाफ कड़ा मैसेज देने की। दूसरे सारी जनता की चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग हो उसकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं उसके लिए सरकार में आने के बाद हम क्या करेंगे उनकी जिन्दगी कैसे आसान होगी इसकी दो-तीन बड़ी घोषणाएं! राहुल की गारंटी की तरह जो उन्होंने कर्नाटक में दी थीं और नतीजे में उन्हें वहां जीत मिली। ऐसे ही मुंबई से नए बने संयोजक को घोषणा करना चाहिए।

इंडिया के पास नेता अच्छे हैं। जनता का समर्थन है। बस एक क्लिक की जरूरत है। संयोग है कि 81 साल बाद विपक्ष की बैठक मुंबई में ही हो रही है। सब को वह इतिहास याद होगा। इन 26 दलों में जो 31 अगस्त मुंबई बैठक तक 27, 28 भी हो सकते हैं और उसके बाद भी इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा सकती है। क्योंकि यह विनिंग काम्बिनेशन (जीत रहा गठबंधन) है कोई ऐसा नहीं है जो आजादी के लिए किए गए संघर्षों और त्यागों को नहीं जानता हो। अच्छा है वे सब सामने खड़े हैं विरोध में हैं जो इस तरह की बातें करते हैं कि 1947 में अंग्रेज खुद ही अगस्त की गर्मी और उमस से परेशान होकर चले गए थे। जनता ने कोई स्वतंत्रता संग्राम नहीं लड़ा और वैसे भी आजादी 2014 में मिली। उससे पहले तो और यह खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। मतलब आज जिसकी उम्र 9 साल है उससे बड़े सब जिसमें उसके माता-पिता भी शामिल हैं किसी मतलब के लोग नहीं थे। केवल शर्म से सिर झुकाए लोग थे। और यह भी प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था कि सोचते थे किस बेकार देश में पैदा हो गए!



शकील अख्तर

**सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।**

तो साढ़े 9 साल इन बातों में निकल गए। जनता को कुछ नहीं मिला। सिवा नफरत के। गरीबी बढ़ने के। सरकारी चिकित्सा, शिक्षा खत्म होने के। नौकरियां जाने के।

आदमी को आदमी का दुश्मन बना दिया है। हर कोई हर किसी से लड़ रहा है। मणिपुर में तो गृह युद्ध छेड़ ही दिया। बाकी देश में भी कई कई स्तरों पर उसी तरह का विभाजन कर दिया। मुसलमानों के साथ तो हो ही रहा है। मगर दलित, आदिवासी, पिछड़ों के साथ कई गुना बढ़ गया। बच्चों तक में साम्प्रदायिकता भर दी। एक बच्चे को टीचर द्वारा दूसरे बच्चों से पिटवाने का दृश्य किसी को भी विचलित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के ही एक पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि- अगर ये मेरा बच्चा होता तो मैं क्या कर देता कह नहीं सकता। वीडियो देखने के बाद रात भर सो नहीं पाया।

यही सच्चाई है। राममनोहर लोहिया ने एक बार जयप्रकाश नारायण को लिखा था कि- यह बात आप ही कहें। जनता सुनेगी। आप परिवार वाले आदमी हैं। मैं तो अकेला हूं। (लोहिया अविवाहित थे)

उस बच्चे का दर्द हर मां-बाप अगर वह इन्सान है तो उसके दिल में उतर गया होगा। ऐसे ही नफरत का जहर हर तरफ फैल गया है। अभी मुज्जफरपुर का दर्द कम नहीं हुआ था कि मध्यप्रदेश सागर में एक 18 साल के दलित लड़के के पीट-पीट कर मार डाले जाने की खबर आ गई। युवक नितिन अहिरवार को बचाने आई उसकी मां को भी मारा और फिर नफरत इतनी कि मृतक के घर जाकर तोड़फोड़ की। इससे पहले मध्यप्रदेश का ही एक वीडियो और आया जिसमें दलित युवा को मारते हुए पहले उससे जय श्रीराम कहलवाया गया और फिर कहा बोलो ठाकुर तुम्हारे बाप हैं। यह घृणा और विभाजन की राजनीति ही है। इतनी घटनाएं हुई हैं कि गिनना मुश्किल है और सब के साथ। मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने पेशाब करके एक नई शुरूआत की थी। वह आगे बढ़ गई। छतरपुर में पुलिस ने एक पत्रकार मिंटू दुबे के मुंह पर पेशाब किया और जेल पहुंचा दिया। वहां नफरत के मारे ब्राह्मण ने पेशाब किया था यहां ब्राह्मण पर पेशाब किया गया। नफरत क्या किसी को छोड़ती है? जो जहां कमजोर होगा वह शिकार बनेगा और इसके उलट प्रेम जो जहां कमजोर होगा वह ज्यादा प्रेम पाएगा।

जातिगत जनगणना के आंकड़े आ जाने दीजिए। मालूम पड़ जाएगा कि संख्या किसकी भारी है। तो अगर प्रेम की राजनीति वापस आ गई तो कम संख्या वाला भी प्रेम और सम्मान पाएगा और अगर ऐसी ही नफरत की राजनीति चलती रही तो जैसा कि आंकड़ों का पूर्वानुमान है ओबीसी सबसे बड़ी ताकत के रूप में आएंगे और बाकी सवर्णों की तादाद काफी कम होगी तो क्या होगा?

बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है। आंकड़े कभी भी आ सकते हैं और उसके बाद ओबीसी पूरे देश में इसे करवाने का बड़ा माहौल बना देंगे।

मूल सवाल दो ही हैं। एक- संख्या के हिसाब से सरकारी योजनाओं में लाभ मिलना। ऊपर जिस कर्नाटक की बात की वहां राहुल ने अपनी गारंटियों के साथ जातिगत जनगणना करवाने की मांग करते हुए 'जितनी आबादी उतना हक' की बात कही थी। उनसे पहले कांशीराम ने चालीस साल पहले 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा देकर पासा ही पलट दिया था।

अब जातिगत जनगणना को नहीं रोका जा सकता। भाजपा की हिन्दू मुसलमान की राजनीति की काट यही करेगी और विपक्ष को मालूम है कि यही जहर सबसे खराब है। इसके नशे में लोगों को अपनी बेरोजगारी, महंगाई, बच्चों के लिए बंद सरकारी स्कूल, अपने वृद्ध मां-बाप के लिए बंद सरकारी अस्पताल कुछ नहीं दिख रहे। वह मारो-मारो के साम्प्रदायिक नशे में जी रहा है।

सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# असुरक्षित स्त्रियां

**■ कुमार कृष्णन**

देश में हर रोज लड़कियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं इस बात का सुबूत हैं कि चांद-सितारों तक पहुंच चुके हम ऐसे समाज में रहते हैं जिसकी सोच का दायरा लड़कियों के लिए हैवानियत से भरा है। हाल में देश में बेटियों के साथ ज्यादती की जो खबरें आई हैं, जिससे पूरा देश सहम गया है और मानवता शर्मसार है। निर्भया कांड, फिर कठुआ रेप कांड, सूरत कांड...कितने कांडों की गिनती करें? कुछ का तो हमें पता भी नहीं चल पाता क्योंकि वो खबरों में शामिल नहीं हो पातीं, थाने में इनकी शिकायत तक दर्ज नहीं होती।

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि शहर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आंकड़ों के मुताबिक, बच्चों से जुड़े अपराधों में 10.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के प्रति अपराध भी बढ़े हैं। उनके प्रति अपराध में 12.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि कम उम्र की बच्चियां किस हद तक असुरक्षा के वातावरण में रह रही हैं।

**राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें।**

इससे निपटने के लिए कई कानून बनाए गए हैं, फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं, इसके बाद भी दरिंदगी की रोकथाम नहीं हुई। उलटे यह दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। केवल कानून बना देने और उसमें कड़े दंड के प्रावधान कर देने से महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाली दरिंदगी रोक पाना शायद ही संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और परिवार को भी सोचना होगा कि यह दरिंदगी आ कहां से रही है।

पिछले 11 वर्षों के परिणामों पर नजर डालें, तो यौन अपराध और दरिंदगी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। यह कैसे कम होगी? हम कानून बनाकर भूल गए हैं कि इससे अपराध पर नियंत्रण हुआ है या नहीं। अपराध बढ़ने के कौन-कौन से कारण हैं? उन कारणों को दूर करने की दिशा में शासन, प्रशासन और सामाजिक स्तर पर कोई प्रयास किए गए हैं या नहीं? सरकार और महिला संगठन यदि सोचते हैं कि दरिंदगी और यौन अपराधों से कानून बनाकर अथवा दंडित करके निपटा जा सकता है, तो यह बेमानी है।

यदि ऐसा होता तो अभी तक यौन अपराधों पर नियंत्रण पा लिया गया होता। नियंत्रण की बात तो दूर, यौन अपराध और दरिंदगी बढ़ती जा रही है। कड़े कानूनों के कारण यौन अपराध करने वाले लोग दरिंदगी करते हैं। सबूत को मिटाने के लिए महिलाओं और बच्चियों को मार डालने तक का कुकृत्य करते हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के साथ उनकी जान भी जा रही है।

कानून और नियम जो भी बनाए जाएं, वे सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। यदि कोई अपराध करता हुआ पाया जाता है, तो उसे उस अपराध की कड़ी-से-कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून की आड़ में सुनियोजित अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगती हैं तो इस तरह के नियम, कानून बनाने से सरकार को बचना भी चाहिए। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं तथा यौन अपराधों को रोकने के लिए समग्र चिंतन किए जाने की जरूरत है।

छोटी-छोटी बच्चियों से की गई क्रूरता क्या किसी भी धर्म-संप्रदाय या किसी भी समाज के लिए सही है? यह सुनकर जरूर हमारी नसें फूल जाती हैं, हम क्रोधित होते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद सब सामान्य हो जाता है, फिर एक नई घटना तक के लिए। हर साल 'एनसीआरबी' महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े जारी करता है जिसे देखकर पता चलता है कि इस साल, इस राज्य में बलात्कार, छेड़खानी या दहेज हत्या की इतनी घटनाएं हुई हैं।

ये आंकड़े पुलिस में दर्ज शिकायतों के आधार पर होते हैं। बलात्कार के मामले में कभी कोई राज्य आगे रहता है, कभी कोई। अगर कहीं आंकड़े पिछले साल की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में कम हुए, तो उनका बखान भी बढ़ा-चढ़ा कर होता है, मानो आंकड़े कम नहीं हुए, बलात्कार की घटनाएं ही ख़त्म हो गईं।

अगर ऐसा हो पाता तो महिलाओं के लिए ये देश वाकई स्वर्ग बन जाता। फिलहाल तो यहां महिला होना और उस पर गरीब, दलित या अल्पसंख्यक होना ही अभिशाप की तरह हो गया है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई इंतजाम मजबूत बनाने का दावा करने वाली सरकारें यह नहीं कर पाई हैं, लेकिन चुनावों में महिला सुरक्षा के वादे ऐसे बढ़-चढ़कर होते हैं, मानो किसी की सरकार बन गई तो महिलाएं वाकई बेख़ौफ़ होकर आधी रात को भी निकल सकेंगी।

वैसे राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें, यह विचारणीय है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## पावन प्रसंग

# सावन में पाएं शिवकृपा

माना जाता है कि सावन में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं ऐसे में सृष्टि की कमान भगवान शिव के हाथों में रहती हैं। इस चौमासे के दौरान शिवशक्ति की आराधना अभिन्न रूप से जुड़ी रहती है जिसमें भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े व्रत-त्यौहार आदि मनाए जाते हैं।

भारत वर्ष में सावन का महीना एक विशेष कालखंड है, जब प्रकृति अपने पूरे वैभव में होती है। ग्रीष्म ऋतु की झुलसती तपन के बाद, गर्मी के कहर को झेलती धरती पर बारिश की फुहार के साथ एक नए जीवन का शुभारंभ होता है। जुलाई से अगस्त के बीच का यह समय आस्था का प्रतीक भी है, जिसमें भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है।

आश्चर्य नहीं कि हर व्यक्ति के जीवन में इसकी मस्ती का आलम कुछ यों छाया रहता है कि यह माह हर वर्ष स्मृतिकोश में नई यादों को जोड़ता है। हालांकि धरती के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक कोप एवं आपदा की घटनाएं भी इस दौरान घटित होती हैं, जिनमें से अधिकांश मानव निर्मित रहती हैं। श्रवण नक्षत्र वाली पूर्णिमा के कारण इस माह का नाम श्रावण पड़ा है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष का यह पांचवां माह है, जो सबसे पवित्र माहों में से एक है। यह धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, जब भक्तिमय गीत-संगीत, धार्मिक अनुष्ठानों एवं आध्यात्मिक साधनाओं के साथ वातावरण गुंजायमान रहता है।

रक्षाबंधन, नागपंचमी, हरितालिका तीज, गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व त्यौहार इसी बीच पड़ते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव सावन माह की पूर्णिमा के 7 दिन बाद अष्टमी के दिन मनाया जाता है। सावन में वैसे तो सभी दिन खास रहते हैं, लेकिन सोमवार का विशेष महत्व रहता है, जिनकी संख्या 4 से 5 रहती है, इस दौरान कुंवारी कन्याओं के लिए 16 सोमवार के व्रत का विधान रहता है, मान्यता है कि इनका नैष्ठिक पालन करने से उन्हें भगवान शिव जैसा जीवन साथी मिलता है। इस दौरान कृष्णपक्ष का विशेष महत्व रहता है, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। सावन माह में शिव भक्ति के साथ कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। मरकंडू ऋषि के पुत्र मार्कण्डेय दीर्घायु के लिए सावन माह में घोर तप कर शिवकृपा के अधिकारी बने थे, जिसके बल पर मृत्यु के देवता यमराज भी उनके समक्ष नतमस्तष्क हो गए थे।

दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव सावन माह में धरती पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और जहां अर्ध्य और जलाभिषेक के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं और पृथ्वीवासियों के लिए शिव की कृपा को प्राप्त करने का यह उत्तम समय रहता है। फिर सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था। समुद्रमंथन से निकले हलाहल कालकूट को सृष्टि के रक्षार्थ भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था इसलिए नीलकंठ कहलाए। विष की उष्णता के शमन हेतु देवी-देवताओं ने जल अर्पित किया था। इसी कारण सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान सावन की शिवरात्रि के दौरान शिवालयों में गंगाजल के अभिषेक के प्रतीक कांवड़ मेले का आयोजन होता है। शिवभक्त कंधों पर गंगाजल लिए निकटस्थ शिवालयों में जाकर जल चढ़ाते हैं, भोलेनाथ को अपनी आस्था का पुण्य स्नान कराते हैं और तीर्थयात्रा के साथ अपने जीवन को धन्य बनाते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण ट्रेन हादसा

अनुशासनहीनता और अनदेखी के कारण घटना के शिकार होते हैं। आज देश में अनहोनी घटित हो रही है। कानून को धत्ता बता कर और नियमों का पालन नहीं करने की वजह से दुर्घटनाएं होती है। मदुरै की एक ट्रेन बोगी में सिलेंडर फटने से निर्दोष लोगों की मौत हो गई। ट्रेन में तीर्थयात्री सिलेंडर लेकर जा रहे थे। यह पुलिस की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पुलिस ने सिलेंडर ले जाते उस व्यक्ति को रोका होता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता और निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी पर उतारू यात्रियों ने हादसे को निमंत्रण दिया है। यह अनुशासनहीनता की निशानी है। ट्रेन में ज्वलन्त वस्तुओ को ले जाने की मनाई है। लेकिन इस तरह की लापरवाही से निर्दोष लोगों एवं खुद की जान चली गई। लोग ट्रेन में इस तरह की लापरवाही कर सिलेंडर ले जा सकते हैं तो सड़कों पर भी अपने मन की ही करते होंगे? तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती है और निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। दुपहिया वाहनों के चलते सामने आ रही लापरवाही से सड़क हादसे बढ़ रहे है। मदुरै रेल हादसा लापरवाही की पराकाष्ठा है। रेलवे पुलिस की अनदेखी ने इतने बड़े हादसे को अंजाम दिया गया। नियम और कानून सब के लिए समान है। नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। हर एक व्यक्ति को नियम का पालन करना होगा। छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे को निमंत्रण देती है। लोगों को पुलिस नियमों को बताने के लिए टोकती है तो नियमों की झड़ी लगा दी जाती है। विपरीत दिशा में पुलिस को ही नियम बताने वाले व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। हर व्यक्ति को देश के कानून का पालन करना होगा। क्योंकि कानून सबके लिए समान है। इसमें अमीर गरीब के लिए समान नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि नियमों में लापरवाही बरतने से घटनाएं होने की संभावना है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## कांग्रेस की मंडलम स्तरीय बैठक में बूथ जिताने का लिया संकल्प

# बूथ मजबूत होगा तो कांग्रेस मजबूत होगी: दीक्षित



पन्ना, देशबन्धु। ब्लाक कांग्रेस कमेटी पन्ना के अंतर्गत आने वाले तारा मंडलम में मंडलम स्तरीय बैठक का आयोजन मंडलम अध्यक्ष बाल किशोर शर्मा के संयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी मेंबर कांग्रेस नेता श्रीकांत पप्पू दीक्षित के द्वारा की गई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेस जनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर स्वागत किया बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए पीसीसी मेंबर श्रीकांत पप्पू दीक्षित ने कहा कि जब हमारा बूथ मजबूत होगा तो कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी हम सब की कोशिश यह होनी चाहिए कि हम अपनी कांग्रेस पार्टी की जो घोषणाएं तथा योजनाएं विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा की गई है उसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करते हुए जनमानस तक पहुंचाएं। प्रदेश की जनता ने भ्रष्टाचार व अत्याचारी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कें खनिज मंत्री हमारे विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं लेकिन जिले में खनिज का दोहन ना हो पाने के कारण हजारों की तादाद में जिले के मजदूर गरीब तबके के लोग लगातार पलायन कर रहे हैं जोकि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री दीक्षित ने कहा कि हम सबको मिलकर प्रदेश की तरक्की व विकास के लिए कांग्रेस की सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में बनाना है। तारा मंडलम के अध्यक्ष बालकिशोर शर्मा ने बैठक में कहा कि हमारे जो बीएलए हैं उनका प्रशिक्षण वह स्वयं देंगे और हमारे क्षेत्र की 17 पोलिंग बूथ पर पार्टी की विजय के लिए जी जान से कार्यकर्ता मेहनत करेंगे, और हमें विश्वास है की निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी। बैठक में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, महामंत्री सुनील अवस्थी, राम प्रसाद कुशवाहा, सूरज मिश्रा, बाबूलाल कुशवाहा, धनीराम कुशवाहा, मुकेश द्विवेदी, परसराम कुशवाहा, राम प्रकाश कुशवाहा सहित क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपक तिवारी द्वारा किया गया।

# जमा पूंजी हडपने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग

**पन्ना, देशबन्धु।** रंग बिरंगे सपने दिखाकर लोगों की जमा पूंजी हड़पने वाली ठग कंपनियों के खिलाफ ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार मोर्चा ने टाउन हॉल प्रांगण अंबेडकर भवन पन्ना में बैठक लेकर निर्णय लिया गया है कि आज 28 अगस्त को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर लोगों की जमा पूंजी हड़पने वाली ठग कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पीड़ितों की जमा राशि वापस दिलवाई जाए। पैसा वापस नही किए जाने पर पीड़ितों के द्वारा आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दौरान मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। बताया गया है कि सहारा इंडिया परिवार, जेबी इंफ्रास्ट्रक्चर, जीसी, मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, समृद्ध जीवन मल्टी पर्पस क्रेडिट कोऑपरेटिव, टोगो, पर्ल्स, कल्पतरु विल्डटेक लिमिटेड, साईं प्रकाश, राधामाधव, जीएन गोल्ड, विश्वामित्र, एचबीएन, अमृत प्रोजेक्ट, कैमुना, अल्केमिस्ट और आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड जैसी दर्जनों कंपनियों के द्वारा हजारों लोगों की जमा पूंजी डकार ली गई है। लोग अपनी जगह जमा पूंजी पाने के लिए भटक रहे हैं।

ऐसी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जमाकर्ताओं का पैसा शीघ्र वापस दिलाने की मांग उठाई गई है। कार्यक्रम के दौरान ठगी पीड़ित जमाकर्ता संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मदन लाल आजाद, जिला अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य राम किशोर अहिरवार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## समग्र आईडी, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मे गलत अक्षर लिख जाने के चलते छात्र परेशान

**पन्ना, देशबन्धु।** छात्र छात्राओं के समग्र आईडी, आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र गलत अक्षर लिखे जाने के चलते छात्र छात्राए भारी परेशान है। क्योकि संबंधित दस्तावेजो मे एक प्रकार की स्पेलिंग न होने से पोर्टल द्वारा स्वीकार नही किया जाता है। जिससे जिले भर में छात्र-छात्राएं परेशान हो रहें है तथा छात्र-छात्राओं के साथ खिलवाड हो रहा है एवं अभीभावक तथा छात्र छात्राए परेशान हो रहे है। नामाकंन मे भी छात्र-छात्राओं को परेशानी आ रही है। स्थानीय अभिभावको ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से समस्त सचिवो के माध्यम से प्रमाण पत्रो में सुधार कार्य कराने की मांग की है। विद्यालयो के प्राचार्यो ने बताया कि सभी दस्तावेजो मे एक सी स्पेलिंग न होने के चलते स्कालरशिप सहित अन्य शासकीय कार्यो मे भारी परेशानी हो रही है।

# कांग्रेस ने समरसता कार्यक्रम में बुजुर्गो का किया सम्मान



**पन्ना, देशबन्धु।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमानगंज द्वारा ग्राम द्वारी में समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर सभी वर्गो आदिवासी, दलित, पिछडा वर्ग तथा अन्य वर्गो के बुजुर्गो का सम्मान किया एवं रक्षाबंधन मिलन समारोह के दौरान उपस्थित बुजुर्गो को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत द्वारी के सरपंच नाथुराम लोहरहा तथा कुजीलाल अहिरवार सहित वरिष्टजनो का साल श्रीफ्ल के साथ सम्मान किया। इस दौरान अनेक लोगो ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की तथा कांग्रेस पार्टी की रीतियों, नीतियों, योजनाओं से प्रभावित हो कर पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जितायेगें तथा प्रदेश मे कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भभुत सिंह राजपूत, सेवानिवृत्त डीएसपी पूरनलाल प्रजापति, इन्दू तिवारी, कृष्ण प्रताप सिंह चनपुरिया, रामऔतार बडगैया, विजय पान्डेय, रावेन्द्र पान्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हक्कून दहायत, महेन्द्र पटेल आदि अनेक लोग उपस्थित रहें।

# डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय द्वारा डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मच्छर से फैलने वाले वाहक जनित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा के लिए मच्छरों से बचाव व नियंत्रण के लिए जनभागीदारी के साथ जनजागृति होना भी आवश्यक है। बताया गया है कि वर्षाकाल में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाने से उनमें मच्छरों की उत्पत्ति व वृद्धि होती है। ये मच्छर रोगी व्यक्ति को काटने पर संक्रमित हो जाते हैं व इन संक्रमित मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया रोग का प्रसार होता है। मलेरिया बुखार से ग्रसित रोगियों को ठंड लगकर बुखार आना, सिरदर्द, भूख न लगना सामान्य लक्षण हैं। डेंगू बुखार में 104 फेरेनहाइट से अधिक तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, आंखे घुमाने में दर्द शुरुआत की दशा के सामान्य लक्षण है। गंभीर स्थिति में मुंह, नाक और आंतों से खून आना, पेट दर्द, उल्टी होना और आंखों में खून उतरना प्लेटलेट्स में अत्यधिक गिरावट होना जैसे लक्षण होते हैं।

चिकुनगुनिया बुखार में उंगलियों और हाथ पैर के जोड़ों में तेज दर्दए सिर दर्द, हल्का बुखार बना रहना, त्वचा में चकत्ते होना सामान्य लक्षण है। इसी तरह डेंगू व चिकुनगुनिया बुखार टाईगर एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में सक्रिय रहता है। बीमारी फैलाने वाले मच्छर घरों में नमी वाले अंधेरे स्थान में विश्राम करते हैं एवं साफव रूके पानी में पनपते हैंए जो कि घरों में व आसपास पानी से भरे पात्र जैस गमले, टंकी, टायर, मटके, कूलर, टूटा फूटा कबाड़ में भरे पानी, नल, हैण्डपप व कुएं के आसपास पानी में मच्छर अपने अण्डे देते हैं व 7 से 8 दिन में अंडे से मच्छर बनने का जीवनचक्र पूर्ण हो जाता है। इसलिए पानी से भरे बर्तन, टंकियों आदि का पानी सप्ताह में बदलते रहना चाहिए और कुएं, हैण्डपंप, नल के आसपास पानी एकत्र न होने दें। उन्हें मिट्टी से भराव करायें या पानी की निकासी कराकर मच्छरों की उत्पत्ति स्थल को नष्ट करें व मच्छरों के लार्वा नहीं पनपने दें। मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें। मच्छर भगाने वाली क्रीम या क्वाइल का उपयोग करें। नीम की पत्ती का धुंआ करना भी कारगर उपाय है। डेंगू, चिकुनगुनिया की जांच जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क उपलब्ध है। प्रारंभिक अवस्था में बीमारी का पता चल जाने पर इन बीमारियों का इलाज आसानी से हो सकता है। इसलिए बीमारी के लक्षण दिखने पर शीघ्र स्वास्थ्य केन्द्र में नि:शुल्क जांच करवाकर चिकित्सक के परामर्श से पूर्ण उपचार लेना चाहिए।

## लाड़ली बहना सम्मेलन आज, बदले रहेंगे कई मार्ग

**भोपाल, देशबन्धु।** जंबूरी मैदान में रविवार को लाड़ली बहना सम्मेलन होना है। इस वजह से रविवार को सुबह आठ बजे से भेल क्षेत्र के कई मार्ग पर वाहन परिवर्तित रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न जिलों से नियमित चलने वाली यात्री बसों के लिए भी कुछ मार्ग बदले रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, लाड़ली बहना सम्मेलन के कारण पटेल नगर बायपास, आनंद नगर, रत्नागिरी तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पम्प तक के मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। ऐसे में सभी वाहन अवधपुरी से बीकानेर मिष्ठान भंडार, सुरभि इन्कलेव, रिषिपुरम चौराहा, चर्च चौराहा, विजय मार्केट, श्रीकृष्ण मंदिर, बरखेड़ा, गुलाब उद्यान, मस्जिद तिराहा, डीआरएम आफिस, हबीबगंज नाका अथवा हबीबगंज अण्डरब्रिज से 10 नम्बर मार्केट की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी तरह पिपलानी, अयोध्यानगर से आने वाले वाहन जेके रोड, आइटीआइ तिराहा, प्रभात चौराहा मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

वहीं होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील, हबीबगंज नाका होते हुए आइएसबीटी तक आएंगी।

## एलएनसीटी में रग्बी कार्निवल का शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** रग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश रग्बी कार्निवल का शुभारंभ एलएनसीटी रायसेन रोड कैम्पस पर श्रीमती पूनम चौकसे चांसलर एलएनसीटी विद्यापीठ विश्वविधालय इंदौर द्वारा किया गया। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया रग्बी कार्निवल 28 अगस्त तक चलेगी। इसमें शाजापुर, देवास, इंदौर, सीहोर, मंदसौर, रतलाम,जबलपुर, रायसेन, बैतूल, नर्मदापुरम आदि जिलों के स्कूलों की 35 टीमें अंडर 14 ओर अंडर 18 मै अपना जलवा बिखेंरेंगी। आज खेले गए मैच में एकलव्य स्कूल मक्सी, ओरियंटल स्कूल बुधनी, ब्राइट स्कूल ओ गंज,जिला नर्मदापुरम, शाजापुर कार्पोरेशन, कमलादेवी ट्रस्ट बुधनी, एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल, जीनियस स्कूल गोविंद तिलावत, कस्तूरवा हायर सेकंडरी स्कूल कालापीपल की टीमों ने अपने मैच जीते। प्रतियोगिता का आकर्षण लकी ड्रा है, जिसमें आकर्षक उपहार बच्चों को दिए जाते हैं।

# 3 दिन छुट्टी के बाद पटवारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

## मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने रोका, 2 घंटे सड़क पर ही दिया धरना



**भोपाल, देशबन्धु।** वेतनमान विसंगति दूर करने, वेतनवृद्धि और पदवृद्धि जैसी मांगों को लेकर बीते तीन दिन से सामूहिक अवकाश पर रहने के बाद प्रदेशभर से हजारों पटवारी शनिवार को राजधानी भोपाल में जुटे। पटवारियों ने यहां तिरंगा यात्रा निकाली। लकिन वे अटल पथ से मुख्यमंत्री निवास के लिए बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। पुलिस के रोकने के बाद पटवारी सड़क पर ही बैठ गए और 2 घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद ही वे हटे। पटवारियों के इस प्रदर्शन में कोटवार भी शामिल हुए। इन सभी ने मांगें पूरी नहीं होने पर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि वेतन बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर हम चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। इसके पहले चरण में 21 अगस्त से सभी सरकारी व्हटस्अप समूह से विरक्त हो गए थे और ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया था। दूसरे चरण में 23 से 25 अगस्त तक 3 दिन तक सामूहिक अवकाश पर रहे। अब शनिवार को प्रदेशभर से हजारों पटवारी राजधानी भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा के लिए पटवारी

अटल पथ पर एकजुट हुए थे और वह यहां से सुबह साढ़े 11 बजे हाथों में तिरंगा लेकर शांतिपूर्वक यात्रा निकालते हुए मुख्यमंत्री निवास तरफ बढ़ रहे थे। यह किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं था, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उन्हें बैरिकेड लगाकर रोक दिया। पुलिस के रोकने के बाद पटवारी सड़क पर ही बैठ गए और 2 घंटे तक अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजीकर प्रदर्शन करते रहे। बाद में अफसरों की समझाइश पर वे हटे। प्रदर्शन में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शाजापुर, विदिशा, रायसेन और सीहोर समेत प्रदेशभर से पटवारी शामिल हुए। श्री बघेल ने मांगें पूरी नहीं होने पर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।

## महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के लिए सौंपी राखी



**भोपाल, देशबन्धु।** एनएचएम संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य सपोर्ट स्टाफ संघ मध्य प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ( एनएचएम) से हटाकर रोगी कल्याण समिति वा आउटसोर्स किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों एवं निष्कासित कर्मचारियों को विभाग में रिक्त पदों पर समायोजन किए जाने की मांग को लेकर स्टॉफ की महिलाएं अपने अपने हाथों में राखी एवं फूल माला लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंची। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए राखी भेंट कर अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई। यहां मौजूद महिला कर्मचारियों ने कहा कि अगर जल्द ही इस मामले में निर्णय नहीं हुआ तो वह अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगी।

# आदित्या, श्रेया और जीवल अगले दौर में



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में मप्र बैडमिंटन लीग की दूसरी चयन स्पर्धा में अंडर 13 बालिका वर्ग में उज्जैन की श्रेया अग्रवाल ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अन्य मुकाबलों में भोपाल की प्रेक्षा भाटिया, अनविता माहेश्वरी सोमानी, कार्तिका पाठक और अर्ना सिंह, ग्वालियर की रोशनी ठाकुर, इंदौर की मिशीता मजुमदार ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। वहीं बालक वर्ग में भोपाल के स्वर्णिम विकास पांडे और अमित किशोर, नर्मदापुरम के अयांश सिंह, इंदौर के पार्थ शर्मा, उज्जैन के एकांश गुप्ता ने भी अपने अपने मुकाबले जीते।

अंडर 15 बालिका वर्ग में धार की मुस्कान जाट, भोपाल की आदित्या शर्मा, मन्नत सबलोक, देवास की प्रियांशी थपलियाल, इंदौर की जीवल बतरा और धारा सातालकर, उज्जैन की नियति चंदानी ने तथा बालक वर्ग में नीमच के अंगद मुछाल, ग्वालियर के सम्यक जैन और अभिनव शर्मा, इंदौर के प्रफुल्ल पाठक युधिश विरोधिया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर11बालक वर्ग में इंदौर के अवनिश नेकिए, कैवल्य अग्रवाल सिंगरौली के प्रयान धिराना, धार के हर्षवर्धन सिंह, उज्जैन के जयादित्य मित्तल , इंदौर के इशान अली, भोपाल के मोहम्मद अरहआन तथा बालिका वर्ग में भोपाल की आध्या तिवारी, स्वरा वैद्य, मान्यता राइकवार, अदिति परमार, भूमि कौशिक, इंदौर की ऐशानी गोयल, देवास की अन्वेशिका दुबे जीते। पुरुष वर्ग में भोपाल के हर्षित रघुवंशी और श्रेष्ठ परमार एवं आशीष प्रधान और तनवीर सिंह, धार के अवधेश जाट और ग्वालियर के विनय शर्मा, इंदौर के वत्सल सोमण और जबलपुर के भुवन चंद्र कोतिकाला पुरुष युगल के पहले दौर में जीते, भोपाल की आरोही शर्मा, डां ग्रेसी सिंह और धार की शिवानी चौधरी महिला एकल के दूसरे दौर में आई, भोपाल के ईशान पंत, धीरेंद्र कुशवाहा,तेजस वार्ष्णेय, आर्यन शर्मा, इंदौर के वरदान अग्रवाल, खरगोन के सार्थक कश्यप, ग्वालियर के अभिनव शर्मा, धार के पार्थ भट्ट, मंदसौर के प्रणव चौधरी अंडर 17 बालक के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

# छात्रा से छेड़छाड़, गाल पर दांत काटने की कोशिश

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर में महिलाओं के प्रति अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में पिछले कुछ दिनों से पीछा कर रहे युवक ने स्कूली छात्रा को सरेराह रोककर छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने छात्रा के गाल पर दांत से काटने की कोशिश की। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तो मनचला फरार हो गया। टीटी नगर थाना पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों से आरोपी की तलाश कर रही है।

टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी 16 वर्षीय किशोरी 10वीं की छात्रा है। वह जवाहर चौक के पास कोचिंग में भी पढ़ने जाती है। शुक्रवार रात परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि वह रोजाना ई रिक्शा से कोचिंग पढ़ने जाती है। पिछले कुछ दिनों से कोचिंग के आसपास एक युवक उसे लगातार घूरता रहता था। दो दिन पहले युवक ने उसके सामने मोटर साइकिल अड़ा दी थी और जबरन बात करने की कोशिश की थी, लेकिन उसने अनुसुनी कर दी थी। शुक्रवार को फिर उसने रास्ता रोकते हुए उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। विरोध करने पर गाल पर काटने की कोशिश की। बचाव के लिए उसने शोर मचाया तो युवक वहां से भाग गया। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ छेड़छाड़, पोक्सो एक के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। उधर बैरागढ़ थाना पुलिस ने 17 वर्षीय 10 वीं की छात्रा की शिकायत पर उसके मोहल्ले में रहने वाले नाबालिग के खिलाफ छेड़छाड़ करने का प्रकरण दर्ज किया है।

## आरजीपीवी ने संबद्ध कालेजों से खेल प्रतियोगिता आयोजनों के लिए मांगा आवेदन

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) द्वारा प्रदेश के सभी संबद्ध कालेजों में सत्र 2023-2024 के लिए खेल आवेदन मांगे गए हैं।

आरजीपीवी के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. केटी चतुर्वेदी द्वारा सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्य या संचालकों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध कालेजों में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाना है, इसलिए जो भी कालेज नोडल स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता अपने महाविद्यालय में कराने के इच्छुक हैं, वे दिए गए प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 31 अगस्त तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत करें। आवेदन में प्रारूप अनुसार आयोजन के लिए मांगी गई जानकारी होना आवश्यक है। साथ ही आयोजन सचिव का नाम एवं मोबाइल नंबर भी आवेदन में अंकित होना अनिवार्य है। इसमें करीब 30 से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का जिक्र किया गया है। निर्देश में बताया गया है कि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में यदि एक ही कैंपस से अलग-अलग आवेदन दिया जा रहा है, तो खेल अधिकारी एवं खेल मैदान अलग-अलग होना सुनिश्चित करना होगा। नोडल स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने की जिम्मेदारी नोडल कराने वाले कालेज की होगी। इसके अलावा आवेदक संस्था को प्रस्तावित क्रीड़ा अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल नंबर आदि का उल्लेख करना भी जरूरी किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** लाल परेड मैदान में मध्यप्रदेश के 22 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समैन का आयोजन होगा और मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा हैं।

## चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर कर्मचारी निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया। कर्मचारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने के कार्य में लापरवाही बरती थी। जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड-3 सुशील कुमार पांडेय को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-151 के बीएलओ और सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य में उन्होंने लापरवाही बरती थी। इसके चलते यह कार्रवाई की गई। कर्मचारी पांडेय कार्यपालन यंत्री, विद्युत यांत्रिकी लाइट मशीनरी, संभाग जल संसाधन विभाग में पदस्थ हैं।

**बैठक सम्पन्न:** कलेक्टर


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी क्रं. 376677371 रिषी जैन के नाम से है। चूंकि अन्य दस्तावेज मेरे आयुष जैन के नाम से है अत: मैं उक्त पालिसी में रिषी उर्फ आयुष जैन करवाना चाहता हूं। इसमें किसी को भी कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर भारतीय जीवन बीमा कार्यालय छतरपुर में आपत्ति दर्ज कराये।

**रिषी उर्फ आयुष जैन**
**बड़ा मलहरा**

## सार समाचार

### घायल अवस्था में घूम रहे गौवंश का गौरक्षकों ने कराया उपचार

**दिगौडा, देशबन्धु।** कस्बे में कुछ दिनों से एक गौवंश गम्भीर रूप से घायल अवस्था में घूम रहा था। यह गौवंश अज्ञात कारणों से घायल हो गया था। आज दोपहर को गांव व क्षेत्र के गौरक्षकों को जानकारी मिली तो उनके द्वारा बीज गोदाम के पास घायल अवस्था में बैठे गौवंश को किला परिसर में लाया गया और पशु चिकित्सक को इस मामले की जानकारी दी। पशु चिकित्सक ने आकर गौरक्षकों की सहायता से घायल गौवंश का किले के मैदान के पास इलाज किया गया। गौवंश के उपचार में गौरक्षक राजेंद्र, सीपू, राहुल, दीपचंद, गोलू एवं सहित अन्य गौरक्षक मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** थाना प्रभारी चंदेरा को



सूचना मिलने पर सुखनई नदी के पास से एक एक्टिवा गाडी से दो व्यक्तियों को शराब ले जाते पाया गया। जो मौके से गाडी के पीछे बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गया पकड़े गए व्यक्ति अमर चौरसिया निवासी चंदेरा से पूछताछ पर पीछे बैठे व्यक्ति का नाम अर्पित उर्फवेटू पिता सुखलाल चौरसिया निवासी चंदेरा का होना बताया, जो आरोपी अमर चौरसिया के कब्जे से कुल 400 क्वार्टर देशी सफेद मंदिरा कुल मात्रा 72 लीटर कीमती 24000 रुपये व एक एक्टिवा जप्त की। आरोपी पर पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में अंकित दुवे थाना प्रभारी चंदेरा, वेद प्रकाश शर्मा, वीरन यादव, गणेश निरंजन, चालक राजवीर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राखी पर्व पर बहनों को मिला 250 रूपये का विशेष उपहार

# लाड़ली बहनों को भैया शिवराज का रक्षाबंधन पर अनमोल तोहफा : गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय गार्डन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राकेश गिरी, अमित नुना, अभय यादव, श्रीमती विभा श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जंबूरी मैदान भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना संबोधन कार्यक्रम को सभी ने देखा व सुना।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन पर आज बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही राशि एक हजार रूपए के स्थान पर अब अक्टूबर माह से 1250 रूपये की राशि दी जाएगी। राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रुप में 250 रूपये दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे। इसके पश्चात अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज यहा रक्षाबंधन के अवसर पर जंबूरी मैदान भोपाल में विशाल लाड़ली बहना सम्मेलन में महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश गिरी ने सभी लाड़ली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना चलाई गई है, जिसमे बहनों के खातो में प्रत्येक माह 1000 रूपये की राशि डाली जा रही है। अक्टूबर माह से यह राशि बढ़ाकर 1250 रूपये हो जाएगी। वहीं विधायक श्री गिरी ने कहा कि हमारी सरकार एक परिवार की तरह है जो सभी गरीब व्यक्तियों का हमेशा ध्यान रखती है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह योजना चलाकर अपनी बहनों को बहुत बड़ा सम्मान दिया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्रीमती रचना बुधौलिया, सहायक संचालक डॉ. ऋजुता चौहान सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रही।

## मां बेटे के साथ 3 लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामनगर में पुरानी बुराई को लेकर पीड़िता महिला व उसके बेटे के साथ गांव के तीन लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। घटना में महिला घायल हो गई थी। जिला अस्पताल में उपचार कराने के बाद महिला की रिपोर्ट पर आज पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामनगर में 25 अगस्त की रात करीब 8 बजे पीड़िता महिला ऊषा पत्नी प्रकाश अहिरवार उम्र 40 साल अपने पुत्र रामकुमार अहिरवार के साथ घर के बाहर चबूतरे पर बैठी थी। वहीं पर सामने मुहल्ले के नीरज अहिरवार, रामकिशन अहिरवार व बबलू अहिरवार बैठे हुए थे, जो पुरानी बुराई पर पीड़िता महिला के पुत्र के साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगे।

महिला व उसके पुत्र ने उन लोगों को गाली देने से मना किया, तो उन लोगों ने लाठी डंडे से दोनों मां-बेटे की मारपीट कर दी। इस घटना में महिला घायल हो गई। 108 एंबुलेंस को घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उपचार कराने के बाद पीड़िता महिला ऊषा ने 27 अगस्त को अपने पति प्रकाश व पुत्र रामकुमार अहिरवार के साथ पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी नीरज, रामकिशन व बबलू अहिरवार निवासी रामनगर के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया।

### विधायक में नल-जल योजना का लोकार्पण व सड़क निर्माण का करेंगे भूमिपूजन

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पृथ्वीपुर विधायक डॉक्टर शिशुपाल यादव के द्वारा रविवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने जानकारी देते हुए बताया है कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिगौड़ा क्षेत्र जो की विधानसभा क्षेत्र का हृदय स्थल है, उसके लिए कई विकास कार्यों के कार्य किया जा रहे हैं।

पूर्व कांग्रेस विधायक गौर ने भाजपा पर जमकर बोला हमला

## स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त, एक डॉक्टर के भरोसे विकासखंड की स्वास्थ्य सेवाएं



**पलेरा, देशबन्धु।** विकास का ढोल पीट रही भाजपा सरकार को बिगड़ी व्यवस्थाओं के हालात दिखाई नहीं दे रहे हैं। विभागों में भ्रष्टाचार और आम जनता से बदसलूकी की वारदातें खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कोई नई बात नहीं है। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दो विधायकों का हस्तक्षेप होने के बाद भी पलेरा विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी महज एक डॉक्टर के कंधे पर है।

यह बात खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर ने कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बीमारियां पैर पसार रही हैए पलेरा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बगैर डॉक्टर के अस्पताल चल रहा है। इसी प्रकार उप निरीक्षक और एएसआई के हाथों मैं थानों की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद कार्यालय प्रभारी सीईओ के भरोसे चल रहा हैए और पशु अस्पतालों में ताले डले हुए हैं। कांग्रेस की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर 50 प्रतिशत कमीशन का खेल भाजपा सरकार द्वारा खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरगापुर विधानसभा के शासकीय विभागों में गरीब जनता से बदसलूकी करते हुए अपनी जेब में भरना आम बात है। विधानसभा क्षेत्र में बीते समय में हुई घटनाएं रहस्य बनकर रह गई है, जिनका खुलासा आज तक नहीं हो सका। गुंडे बदमाशों को पनाह देखकर भाजपा के नुमाइंदों ने जंगलराज कायम कर रखा है। श्रीमती गौर ने कहा कि बेबस और गरीब की खामोशी का करारा जवाब खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि शासकीय सिस्टम में व्यवस्थाओं के नाम पर हाहाकार हुआ हैए स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए जनता को बाहरी जिलों का सहारा लेना पड़ रहा है। श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता इतिहास रचेगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के मिशन 2023 को कामयाब करेगी।

### सरपंच पति को लोगों ने पीटा, पुलिस ने किया केस दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दोर में पुरानी बुराई को लेकर बुजुर्ग सरपंच पति के साथ पुरानी बुराई को लेकर गांव के दो लोगों ने मारपीट कर दी। बुजुर्ग की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विदित हो कि पीड़ित बुजुर्ग की पत्नी गांव की सरपंच हैं।

थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दोर में गुरुवार की शाम को पीड़ित बुजुर्ग चन्द्रभान सिंह पिता सुक्के घोष उम्र 64 साल निवासी दोर गांव के चबूतरे पर बैठे हुए थे, तभी गांव के रमेश घोष व उनके पुत्र सतीश घोष आए और पुरानी बुराई पर बुजुर्ग के साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगे। बुजुर्ग ने गाली देने से मना किया तो इन लोगों ने लकड़ी के पटिये से बुजुर्ग की मारपीट कर दी। इस घटना में बुजुर्ग को चोटें आ गई। बुजुर्ग ने अपने पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह घोष के साथ पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने बुजुर्ग की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## भारत माता को परम वैभव पर ले जाने का काम किया भाजपा ने : निषाद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसको संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश से पधारे विधायक जयप्रसाद निषाद ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य भारत माता को परम वैभव पर ले जाने का है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जन कल्याण का कार्य किया है।

उन्होंने टीकमगढ़ विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया। लाडली बहनों से मिलकर उनसे बातचीत की, व्यापारी, किसानों से मिलकर भाजपा को विजय बनाने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जिले में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल है। एक बार फिर भाजपा तीनों विधानसभाओं में विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीकी योजनाएं एवं शिवराज सिंह चौहान की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंच रहा है। हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को लाभ दिलवा रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि विधानसभा में जो भारतीय जनता पार्टी ने कार्य किया है, उन लोगों को राहत पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मान्य शिवराज सिंह जी द्वारा मेडिकल कॉलेज की सौगात देकर टीकमगढ़ में चार चांद लगा दिए हैं। वहीं उन्होंने देश के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि हम चांद पर पहुंच गए हैं। इसमें हमारे देश के वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा सहयोग है। वहीं समस्त कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात का कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमित नुना, विधायक राकेश गिरी, अश्विनी चढ़ार, रितेश भदौरा, सोबरन कुशवाहा, इंजीनियर अभय यादव, मुन्नालाल साहू, स्वप्निल तिवारी, विभा श्रीवास्तव, अनीश खान उपस्थित रहे।

## समाज में स्नेह के बिना देवत्व आना असंभव: श्रीपाद कृष्ण प्रभु



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रदेश के सभी 52 जिलों में 16 से 26 अगस्त तक स्नेह यात्रा निकाली गयी। इसीक्रम में जिले के सभी विकासखंडों में 110 ग्राम पंचायतों में निकाली गयी। स्नेह यात्रा के समापन अवसर पर शनिवार को ग्राम पंचायत माडोमार, गुदनवारा, सुवाहा, सापोन, पातर खेड़ा, दरी, मोखरा, दरगुआ, अंतोरा, और भैसवारी में यात्रा का आगमन हुआ। स्नेह यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों ने पुष्प वर्षा कर संतों का सभी जगह स्वागत किया।


ग्राम भैंसवारी में स्नेह यात्रा के समापन अवसर पर इस्कॉन मंदिर उज्जैन के श्री पाद प्रभु सोम्य चौतन्य दास ने कहा कि कण कण में है भगवान। इस अवसर पर श्रीपाद प्रभु प्रशांत नागर ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी मिल कर स्नेह का वतावरण बनायें। शास्त्रों की अवहेलना के कारण संस्कारों का पतन हो रहा है। अधिकार सभी को हैं। श्रीपाद कृष्ण नाम प्रभु ने कहा कि समाज में स्नेह के बिना देवत्व आना असंभव। म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने यात्रा के सम्बंध विस्तार से में जानकारी दी उन्होंने कहा कि यह यात्रा मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों में निकाली गयी। यह 16 से 26 अगस्त तक 11 दिनों तक सभी विकासखंडों की 110 ग्राम पंचायतों में निकाली गयी। इस यात्रा में नवांकुर समितियां, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियाँ, पतंजलि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सरपंच, शिक्षक उपस्थित रहे। फोटो- 27 टीकेजी 07

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**मोहनगढ़, देशबन्धु।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली समस्त पंचायत के सरपंचों ने हिस्सा लिया। मोहनगढ़ थाना प्रभारी संतोष चौरसिया के द्वारा आने वाले विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक हो। शासन के निर्देश का पालन पंचायत में किस तरह से कराया जा सके एवं जन समस्याओं की समस्याओं का समाधान किस तरीके से किया जाए।

इस संबंध में विचार विमर्श किया गया। गांव में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, अवैध शराब, लड़ाई झगड़ा एवं ग्राम में उत्पाद करने वालों पर व अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देकर अपराधों की रोकथाम की जाए। साथ ही गांव-गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए। इसी कार्यक्रम की श्रृंखला में राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश महामंत्री प्रमोद मिश्रा द्वारा सभी सरपंचों को अपनी पंचायत में शांतिपूर्वक माहौल एवं सद्भावना बनाए रखने एवं जनहित कार्य, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधित शिविर एवं आयोजन का कार्य किए जाए। गांव में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया जाए एवं शासन की जनहित योजनाएं लोगों तक पहुंचाई जाए एवं उनका लाभ समस्त समाज वर्ग को हो। बैठक में उपस्थित सभी सरपंच एवं प्रदेश महामंत्री प्रमोद मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी संतोष चौरसिया का शाल एवं श्रीफल द्वारा स्वागत अभिवादन किया गया। बैठक में उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, चतुर सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र चौधरी, सलिल शर्मा, ताजुद्दीन, राजेश्वर साहू, यशवंत यादव, जितेंद्र जाटव, सत्येंद्र राजपूत, रतिराम अहिरवार, सुनील जाटव, अर्जुन यादव, रजत दांगी, शत्रुघ्न दांगी, दीनदयाल रजक इत्यादि उपस्थित रहे।

## मुरली मनोहर अरजरिया बने प्रांताध्यक्ष



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्राथमिक माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। सुभाष पुरम रोड स्थित संघ कार्यालय में दोपहर एक बजे से किया गया। बैठक में छटवें वेतनमान की बिसंगती को दूर कराने, वरिष्ठता बहाली कराने, क्रमोन्नति बहाली कराने व राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतनमान की प्रमुख मांग को लेकर संघर्ष करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में उपस्थित शिक्षक सतीश खरे द्वारा मुरली मनोहर अरजरिया को प्रांताध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। संतोष अहिरवार सहित सभी शिक्षकों ने ध्वनि मत से प्रस्ताव स्वीकार कर निर्विरोध रूप से मुरली मनोहर अरजरिया को प्रांताध्यक्ष मानोनित किया। बैठक में ब्रजेश असाटी, ब्रजेश सांडिल्य, श्रीमती सुधा गौतम, दयाराम चौरसिया, संतोष अहिरवार, सतीश अहिरवार, संजय रावत, अखंड प्रताप सिंह, माधो प्रसाद कुम्हार, अंकित खरे, उमाशंकर श्रीवास्तव, जागेश्वर मिश्रा, संतराम नापित, अरविंद नामदेव, राकेश रैकवार, अवधेश तिवारी, मुकेश सेन, राघवेंद्र श्रीवास्तव, एजाज खान, सतीश खरे सहित सभी ने प्रसन्नता व्यक्त कर श्री अरजरिया को सफल प्रांताध्यक्ष बनने की बाधाई दी। नव नियुक्त प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने प्रांताध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि मेरा प्रयास रहेगा की शिक्षकों की मांगों और समस्याओं को निर्भीकता से शासन प्रशासन के समक्ष रखूंगा और उनका निराकरण कराए जाने के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा और इस संघ को प्रदेश स्तर पर सबसे सशक्त और मजबूत बनाऊंगा।

प्रवासी विधायक बोले- कार्यकर्ताओं के सह्योग से फिर बनेगी भाजपा की सरकार

# भाजपा से नहीं प्रत्याशी से नाराज कार्यकर्ता



**जतारा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और पार्टी प्रत्याशी का फील्ड बैक लेने के लिए उप्र के पनियारी विधानसभा क्षेत्र से आए भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने एक सप्ताह तक जतारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल जतारा, बराना, लिधौरा, चदेरा, बम्होरी कलां, गोवा, रतवास, लार खुर्द आदि ग्रामों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का प्रयास किया गया है।

स्थानीय लोगों विश्राम गृह में एक पत्रकार वार्ता भाजपा द्वारा आयोजित की गई जिसमें विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में जनता के सहयोग से मप्र में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। जिसमें जनता का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन जतारा विधानसभा क्षेत्र में यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं पार्टी से नहीं प्रत्याशी से नाराज़ चल रहे हैं। यह बात एक सप्ताह के भ्रमण और बैठकों के दौरान यह बात सामने आई है। यह बात उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश में प्रवासी पनियारी गोरखपुर से विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने स्थानीय विश्राम गृह जतारा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने चर्चा करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा कि जब से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से प्रदेश में विकास की गति दुगनी बढ़ी है। मप्र की सरकार जनता के हित में लगातार कम कर रही है, जिससे मध्य प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी, जिसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि जतारा के बाद बैठक आयोजित कर जो समीक्षा की गई है, उसमें यह बात सामने आई है कि यहां पर भाजपा का कोई विरोध नहीं है, लेकर कुछ हद तक प्रत्याशी का विरोध सामने आया है। जिसकी आगामी तीन दिन में रिपोर्ट तैयार कर पार्टी नेतृत्व को सौंप जाएगी।

पार्टी ने हमें भरोसा कर यहां के कार्यकर्ताओं को संगठित करने और फीडबैक लेने के लिए भेजा था। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात से प्रवासी विधायकों को मप्र की हर विधानसभा में भेजा गया है। जहां पर उनके द्वारा एक सप्ताह कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर सरकार की योजनाओं की समीक्षा के साथ पार्टी की नीति और नीतियों की बारे में समीक्षा की गई। आम जन से भी चर्चा की गई और सभी कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर संगठित करने का काम भी विधायकों के द्वारा किया गया है कि सभी लोग एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करें। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष किशन पटेरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत खरे, पवन जैन मोदी, अमित सूत्रकार, गणेश आदिवासी, भाजपा विस्तारक रुपनारायण पटैरिया आदि उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल आज आएंगे



**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज प्रात: 11 बजे तेंदूखेड़ा आएंगे। अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में 06 अतिरिक्त कक्षो का लोकार्पण करेंगे। प्रात: 11:40 बजे अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 12:40 पर सांसद निवास आएंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल दोपहर 01 बजे मानस भवन आएंगे और एकीकृत बागवानी मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1:30 बजे मानस भवन से प्रस्थान कर 1:35 बजे कमला नेहरू महाविद्यालय पहुंचेंगे। तत्पश्चात कमला नेहरू महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2:35 बजे कमला नेहरू महाविद्यालय में नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात अपराह्न 3:30 बजे शासकीय कमला नेहरू महाविद्यालय दमोह से प्रस्थान कर सांसद निवास 3:35 बजे पहुंचेंगे। रात्रि 7:50 बजे सांसद निवास से रात्रि 08 बजे रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर संस्था का स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात 8:30 बजे सांसद निवास आएंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल 29 अगस्त को प्रात: 9:40 बजे सांसद निवास दमोह से प्रस्थान कर 9:45 बजे गवर्नमेंट एमएलबी स्कूल दमोह आएंगे और शासकीय एमएलबी स्कूल दमोह विद्यालय की पूर्व छात्रों का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दमोह विधायक की बड़ी पहल

# बच्चों को स्वरोजगार के लिए दिलवाया प्रशिक्षण



**दमोह देशबन्धु।** दमोह विधायक अजय टंडन ने विधायक कौशल केंद्र के अंतर्गत प्रशिक्षित सैकड़ो बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे एवं रोजगार सम्मान समारोह आयोजित किया। विधायक कौशल केंद्र' में बच्चियों को नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर मेहंदी सिलाई तथा अन्य जीवन उपयोगी एवं रोजगार परक स्किल सिखाई गई है।

विधायक अजय टंडन ने इस अवसर पर कहा कि 'मैंने उपचुनाव के बाद वादा किया था कि बेरोजगारों के लिए और खास कर बच्चियों को स्वरोजगार के लिए स्किल सिखाएंगे। कई बच्चियों ने विधायक कौशल केंद्र से प्रशिक्षण लेकर अपने पैरों पर खड़ी है यह देखकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता होती है।

जनवरी 2022 में विधायक कौशल केंद्र की नींव पड़ी थी और इस केंद्र के माध्यम से अब तक 1400 से ज्यादा बच्चों को विभिन्न स्किल में पारंगत किया जा चुका है और अब वे स्वरोजगार में सक्षम है। केंद्र में लड़कियों के ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, बेसिक कंप्यूटर और सिलाई का प्रशिक्षण दिया है। दो महीने चलने वाले इस कोर्स के बाद कुछ लड़कियों ने अपने स्वयं का रोजगार भी स्थापित किया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजू राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल, महिला अध्यक्ष कांग्रेस रजनी ठाकुर, नव जागृति पूर्व प्रिंसिपल, रूबी डेनिमल, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ठाकुर, दमोह डिग्री कॉलेज पूर्व प्रिंसिपल डॉ रेवा चौधरी, समाजसेविका रोजी बग्गा एवं समस्त मातृशक्ति और सहयोगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं उनकी धर्मपत्नी चमेली रत्नचंद जैन उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान में किया स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन में जिले के समस्त महाविद्यालयों में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय हटा, शासकीय महाविद्यालय जबेरा, शासकीय महाविद्यालय बटियागढ़ और शासकीय कमला नेहरू महाविद्यालय दमोह के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे छात्र-छात्राओं ने क्यू आर कोड के माध्यम से मतदाता सूचीं में नाम जोड़ने हेतु अपने आवेदन ऑनलाइन भरें। इन आयोजनों में संबंधित महाविद्यालयों के स्वीप अधिकारी एवं स्टाफकी उपस्तिथि रही।

विश्व हिंदू परिषद और दिगंबर जैन पंचायत ने की पत्रकार वार्ता

# दिग्विजय हिन्दू समाज और सकल जैन समाज से माफी मांगे: खत्री



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद दमोह एवं दिगंबर जैन पंचायत दमोह द्वारा एक निजी होटल में संयुक्त पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा किए गए ट्वीट के संबंध में जानकारी दी गई एवं ट्वीट में बताई गई घटना का खंडन किया। विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अजय खत्री ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह देश के एक बहुत बड़े नेता है उन्हें सदैव इस प्रकार का आचरण करना चाहिए जिससे समाज में किसी भी प्रकार का द्वेष उत्पन्न ना हो परंतु अपनी आचरण की विपरीत दिग्विजय सिंह द्वारा एक ट्वीट किया गया।

जिसमें उन्होंने बजरंग दल पर यह आरोप लगाया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कुंडलपुर मंदिर में शिवजी की पिंडी रखकर रात भर उत्पाद मचाया गया परंतु यह सत्य से कोसो दूर है दिग्विजय सिंह द्वारा सकल हिंदू समाज में वैमनस्यता फैलाने का कार्य कर रहे हैं वह हिंदू को हिंदू को लड़ाना चाहते और दिग्विजय सिंह जी अपने ट्वीट के लिए हिंदू समाज और सकल जैन समाज से माफी मांगे, अन्यथा उनपर एफआईआर की मांग करेंगे। दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने कहा कि कल रात्रि कुंडलपुर मंदिर में किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई है मैंने स्वयं कुंडलपुर में फोन कर जानकारी ली है। पत्रकार वार्ता में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अंजु खत्री, दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, पवन रजक, कौशलेंद्र पांडे, छुट्टू यादव, रजत जैन, राम जैन, सुधांशु खरे, आदि मौजूद रहे।

# जन सेवा मित्रों ने किया लोक सेवा केंद्र बटियागढ़ का भ्रमण

**दमोह देशबन्धु।** राज्य लोक सेवा अभिकरण मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत संचालित लोक सेवा केन्द्रो के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जाने वाले सेवाओं एवं सी. एम. जनसेवा के व्यापक प्रचार-प्रसार अंतर्गत जिले में नियुक्त समस्त मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को जिले के सभी लोक सेवा केंद्रों का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान लोक सेवा केंद्र बटियागढ़ का भी भ्रमण किया एवं उन्हें लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदाय की जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान लोक सेवा केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।



मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को लोक सेवा केन्द्रों में दर्ज होने वाले आवेदनों, आवेदन शुल्क, आवेदन निराकरण की प्रक्रिया, समाधान एक दिन तत्काल सेवा अंतर्गत एक दिन में सेवा प्राप्त करना इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लोक सेवा केन्द्रों में उपलब्ध सेवाओं व सुविधाओं के संबंध में भी बताया गया। जिला लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों से अपेक्षा की गई कि अपने-अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जाने वाले सेवाओं की जानकारी एवं लोक सेवा केन्द्रों की कार्यप्रणाली की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों को दी जाये। ताकि इन सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। इस अवसर पर लोक सेवा केंद्र बटियागढ़ के प्रबंधक रवि तिवारी ने बताया शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी से जन सेवा मित्रों को अवगत कराया गया है एवं उपभोक्ताओं को किस प्रकार से जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस बात की जानकारी से भी उन्हें अवगत कराया।

# भाजपा शक्ति केन्द्र की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** भाजपा शक्ति केन्द्र 6 नया 1, 2 एवं असाटी वार्ड 2, में मोदीजी के मन की बात का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही बैठक में आगामी चुनाव में बीजेपी की विकास योजनाओ को जनता तक पहुँचाने चुनाव जीतने की रणनीति बनी। बैठक में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष भाजपा मनीष असाटी, वरिष्ठ नेता श्याम जडिया, न.का.स.प्रभा नामदेव, वार्डअध्यक्ष महेन्द्र सोनी, बूथ अध्यक्ष अनूप सोनी, बाबी रैकवार, पप्पू पठान, सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### ग्राम पंचायत हिनौती खेत सिंह में वृक्षारोपण कार्य किया गया



**दमोह देशबन्धु।** जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती खेत सिंह में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें पिपरिया नंदलाल, ग्राम हिनौती खेत सिंह, पंचायत परिषद मंडी, टोरिया, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच रानू जैन, शरद धनगर, रोजगार सहायक जमिल खान, प्रस्टफुटन समिति अध्यक्ष नरेश दिवेदी, महीप लोधी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन के जय घोष के साथ लगाए फलदार और छायादार पौधे

**दमोह देशबन्धु।** अग्रवाल महिला मिलन ने शहर के जटाशंकर के पास बगीचा में वैश्य समाज के प्रवर्तक शिरोमणि महाराजा श्री अग्रसेन जी का पूजन अर्चन कर जय अग्रसेन के जय घोष के साथ समाज की सभी बहनों ने फ्लदार व छायादार वृक्ष का पौधा रोपण किया। महाराजा श्री अग्रसेन जी का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष एक उत्सव के रूप में मानते हैं जो 15 अक्टूबर को है महाराजा श्री अग्रसेन जी ने समाज को एकता के सूत्र में बांध ने और समाज भलाई के कार्यों के लिए हमेशा प्रेरित किया था। पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है पौधों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है कोरोना काल का समय किसी से छुपा नहीं जब लाखों लोग ऑक्सीजन के अभाव में मौत के आगोश में चले गए थे । भविष्य में इस प्रकार की स्थिति पैदा ना हो और आने वाली पीढ़ी स्वस्थ वातावरण में श्वास ले सके इसके लिए हम सबको अधिक से



अधिक पेड़ लगाना होगें समाज की महिलाओं ने प्रण लिया है की जीवन के अहम पलों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण करेंगे । इस कार्यक्रम में समाज पूर्व अध्यक्ष अनीता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। समाज अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल, वैश्य युवा संभागीय अध्यक्ष जुगल, अखिल भारतीय संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, मीडिया प्रभारी गणेश अग्रवाल, इंजीनियर के.सी. सचिन की उपस्थिति रही।

### संस्कृत विद्यालय मे संस्कृत सप्ताह प्रारम्भ हुआ

**दमोह देशबन्धु।** देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में संचालित संस्कृत विद्यालय मे संस्कृत सप्ताह प्रारम्भ हुआ। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि प्रधानाचार्य कुंजीलाल डिम्हा के मार्गदर्शन में संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस में विद्यार्थियो के द्वारा दर्शनार्थियो को तिलक लगातार उनका अभिनंदन किया गया साथ ही संस्कृत संभाषण के दौरान बताया गया कि संस्कृत भाषा विश्व की समस्त भाषाओ की जननी भाषा है जिसका अपने जीवन में व्यवहारिक रूप से सबको प्रयोग करना चाहिए आज से प्रारम्भ हुये संस्कृत सप्ताह लगातार सात दिनो तक चलेगा।

# मेन्स ओपन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन, 44 प्रतियोगी शामिल हुए

▶ मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष देशमुख की उपस्थिति में हुआ आयोजन




**मुलताई, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मेन्स ओपन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम गुर्जर ने प्रथम पुरस्कार जीता। द्वितिय स्थान पर अमर काले तथा तृतिय स्थान पर जतिन गोहे रहे। तीनों प्रतिभागियों को ट्राफी, मैडल एवं नगद राशि मुख्य अतिथि हेंमत विजयराव देशमुख, डॉक्टर कृष्ण धोटे, हरीश पटेल द्वारा प्रदान किया गया। अन्य प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 44 प्रतियोगी शामिल हुए थे जिसमें स्काट, डेड लिफ्टिंग तथा बैंच प्रेस में प्रतियोगियों ने प्रदर्शन किया। उक्त प्रदर्शन में प्रथम गुर्जर द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए 195 किलो वेट उठाकर प्रथम पुरूस्कार हासिल किया। प्रथम पुरूस्कार विजेता प्रथम गुर्जर ने बताया कि उनके द्वारा प्रतियोगिता के लिए जिम संचालक आशिष बर्थे एवं अविश बर्थे द्वारा उन्हे बेहतर प्रशिक्षण दिया गया जिससे वे प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हुए। जिम संचालक आशिष बर्थे ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य वर्तमान में युवाओं को फिट रखना है ताकि वे नशे से भी दूर रह सकें। उन्होने बताया कि जब तक शरीर स्वस्थ्य नही होगा तब तक आप किसी भी उद्देश्य को पाने में सफल नही हो सकते इसलिए शारारिक सौष्ठव को प्राथमिकता देना युवाओं के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेंमत विजयराव देशमुख ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं आवश्यक है ताकि युवा फिटनेस की तरफ आकर्षित होंगे। संदीप कामड़ी ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले युवा भविष्य में अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं में भी शामिल होकर नगर का नाम रोशन कर सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रूपए, द्वितिय 2100 रूपए तथा तृतिय 1100 रूपए का पुरूस्कार प्रदान किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष......

**लाड़ली बहना योजना में....** का कार्य किया। बहनों के जीवन को सँवारने के संकल्प को बाद में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रकट किया। यह संकल्प महिला कल्याण योजनाओं का आधार बना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे बेटियों और बहनों की आँखों में आँसू नहीं देख सकते। बहनों की जिंदगी बदलना जीवन का संकल्प है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस सहित अन्य शासकीय भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को नियुक्तियां दी जायेंगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत बहनें नियुक्त होंगी। स्थानीय निकायों में एल्डरमैन और अन्य पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बहनों और बेटियों को बेहतर शिक्षा का प्रावधान करते हुए बहनों की शिक्षण फीस शासन द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। यदि बहनें नहीं चाहेंगी तो किसी क्षेत्र में मदिरा की दुकान नहीं खुलेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनें आजीविका मिशन के अंतर्गत आ जाएंगी तो उन्हें सभी आवश्यक लाभ मिलेंगे। पथ विक्रेता योजना का लाभ मिलेगा। छोटे-मोटे उद्योग के लिए इंडस्ट्रियल स्टेट में भूखंड मिलेगा। प्रदेश में बहनों के नाम स्टाम्प शुल्क अब एक प्रतिशत कर दिया गया है। लक्ष्य यह है कि बहनों की मासिक आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए हो जाए। लाड़ली बहना सम्मेलन में श्री चौहान के साथ महिला जनप्रतिनिधि मंच पर उपस्थित थीं। राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल जिले के गोविंदपुरा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विदिशा जिले के शमशाबाद क्षेत्र की विधायक सुश्री राजश्री सिंह, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया।

**फूलों का तारों का सबका....** सकता हूँ मैं, कुछ भी होते हुए, नहीं मैं नहीं देख सकता, तुझे रोते हुए सुनकर सम्मेलन में मौजूद बहनें भावुक हो गईं। श्री चौहान ने तीसरा गीत भी बहुत भावपूर्ण ढंग से सुनाया। फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है। इसके अलावा गायक -गायिकाओं द्वारा बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से संसार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है की भी पेशकश हुई। इन गीतों से सम्पूर्ण वातावरण पारिवारिक हो गया।

**इंडिया गठबंधन में कुछ और....** मिलकर इस अहंकारी सरकार को कैसे हटा सकते हैं।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में कोई भी नेतृत्व कर सकता है, लेकिन कांग्रेस देश में सभी को एकजुट करने के लिए सभी राज्यों में एक मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी। साल 2024 'इंडिया' का है।

उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा स्वास्थ्य एवं बीमा क्षेत्रों में सामने आए भ्रष्टाचार की सीबीआई और ईडी से जांच कब कराएंगे।'

**प्रशासन का स्कूल बंद करने....** बिना मान्यता के संचालित स्कूल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। आगे विभागीय कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को सामने आए वीडियो में स्कूल की महिला शिक्षक ने टेबल याद न करने पर बच्चे को उसके सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने....** उनका काम मुख्य रूप से विश्वविद्यालय परिसर के भीतर निर्धारित कार्य घंटों की समाप्ति के बाद परिसर के भीतर गहन गश्त करना होगा। इस मद में वार्षिक अनुमानित लागत लगभग तीन करोड़ रुपये होगी। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने स्वीकार किया कि सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने या पूर्व सैनिकों की तैनाती को लेकर विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग के बीच अभी भी आपत्ति है। नाम न छापने की शर्त पर जेयू के एक संकाय सदस्य ने कहा, वे यह समझने में असफल हो रहे हैं कि यदि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उल्लिखित रैगिंग विरोधी दिशानिर्देशों को अभी भी लागू नहीं किया गया है, तो भविष्य में विश्वविद्यालय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जो अंतत: छात्रों के करियर में बाधा डाल सकता है।

# विकास के पंख लगाकर आसमान छूयेगा जैसीनगर: गोविंद सिंह राजपूत

## एक महीने के अंदर जैसीनगर बनेगा नगर परिषद, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का किया शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** पूरे सुरखी विधानसभा में विकास कार्य चल रहे हैं। गांव-गांव में पहुंच मार्ग बन गए हैं, जहां कभी पक्की सड़कें ग्रामीणों ने देखी तक नहीं थी। सुरखी में केवल विकास कार्य ही नहीं, बल्कि धार्मिक स्थलों का उन्नयन भी किया जा रहा है। उनका जीर्णोद्धार कर इस तरह से किया जा रहा है कि वहां सामाजिक कार्यक्रम के साथ गांव के बेटियों और बेटों की शादी भी हो सके। ऐसा ही जैसीनगर का बड़ा महादेव मंदिर हैं, जिसमें आप सभी के सहयोग से इस भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बड़े महादेव मंदिर के कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने जैसीनगर में 50 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मंत्री राजपूत ने कहा अब जैसीनगर के लोगों को सागर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यहां अनुविभागीय अधिकारी आपकी समस्या को हल करेंगे। उनके कार्यालय का शुभारंभ हो चुका है। सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में कई विकास कार्य चल रहे हैं, जिनके पूरे होने के बाद यह नगर किसी शहर से कम नहीं होगा। मंत्री राजपूत ने घोषणा की है कि एक महीने के अंदर जैसीनगर को नगर परिषद बनाया जाएगा। जैसीनगर के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। ताकि यह गांव और उसमें रहने वाले ग्रामीण आर्थिक तौर पर संपन्न हो सकें। मंत्री राजपूत ने 6.17 करोड़ की लागत से बनने वाले महाविद्यालय भवन, 6 करोड़ रुपए से प्रशिक्षण भवन, 6 करोड़ की लागत के कंदेला जलाशय, शांतिधाम मुक्तिधाम के पास पौधारोपण 8 लाख, निर्मल नीर बिजौरा रोड 10 लाख, नाली निर्माण बाजार से भदभदा 11 लाख, नाली निर्माण पुराने पोस्ट ऑफिस से तालाब तक 21 लाख, नाली निर्माण पुलिस थाने से चंचल के घर तक 10 लाख, एसडीएम कार्यालय भवन 1.31 करोड़, आवासीय भवन राजस्व विभाग 67 लाख, सीसी रोड मुख्य सड़क से वंदना भवन तक 10 लाख, सीसी रोड विजय के घर से बाऊंड्री तक 6 लाख, नाली निर्माण बाऊंड्री 8 लाख, मंगल भवन 54 लाख, राजस्व अधिकारियों के आवासीय भवन 2.11 करोड़, बस स्टैंड निर्माण 2 करोड़, पंचायत भवन 20 लाख, ब्लॉक के सामने डोम 10 लाख, सीएम राइज विद्यालय भवन 35 करोड़, दो स्थानों पर आगंनबाड़ी भवन 18 लाख, जनपद पंचायत भवन का बेसमेंट 1.27 करोड़, बस स्टैंड के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स 1.50 करोड़, खेल स्टेडियम 2 करोड़ और नलजल योजना 5.97 करोड़ समेत अन्य 50 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।

### क्षेत्र वासियों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना बड़ा महादेव मंदिर: हीरा सिंह राजपूत

जैसीनगर क्षेत्र का बड़ा महादेव मंदिर जैसीनगर सहित आसपास के क्षेत्र के लिए बड़ी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है जिसका निर्माण कार्य 2 करोड़ की लागत से किया गया है इस भव्य मंदिर में शिव परिवार सहित भगवान लव कुश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कही, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मंदिर में चल रहे शिव पुराण में शामिल हुए तथा श्रद्धालुओं का स्वागत किया। भव्य मंदिर में शिव पुराण का वचन पं. नवीन बिहार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का ध्वज वंदन कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक के पास, परकोटा वार्ड में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण कार्यक्रम जिला शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनमानस में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये किये गये कठिन संघर्ष को स्मरण करना है। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। ध्वजारोहण पश्चात मुख्य अतिथि आशीष ज्योतिषी ने कहा कि सेवादल की स्थापना सन् 1923 में हुई, यह वर्ष सेवादल का शताब्दी वर्ष चल रहा है, हम सभी को गौरवान्वित महसूस करना चाहिये कि हम सेवादल के 100 वर्ष के स्वर्णिम इतिहास के साक्षी बने। वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए ज्योतिषी ने कहा कि भाजपा देश में दंगा कराना चाहती है, हमे चाहिये कि हम इन देश विरोधी ताकतों से डटकर मुकाबला करें और 2023 में प्रदेश से और 2024 में केन्द्र से भाजपा को अलविदा कहें। पूर्व विधायक सुनील जैन ने सभी कांग्रेसियों से एक जुट होकर मंहगाइ, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ने और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया। ध्वज वंदन कार्यक्रम में महेश जाटव, चक्रेश सिंघई, पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, पप्पू गुप्ता, राकेश राय, राहुल चौबे, प्रमिला सिंह, अभिनव मिश्रा, ताहिर खान, अंकित जैन हिन्नौद, उमर खान, गोपाल तिवारी, वसीम खान आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### लाडली बहना सम्मेलन का लाइव प्रसारण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री के द्वारा लाडली बहना सेना सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया गया जिसका लाइव प्रसारण नगर पालिका बीना के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महेश राय के द्वारा एवं नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार के द्वारा किया गया मुख्यमंत्री के द्वारा सभी लाडली बहनों के खाते में 250 की राशि राखी के त्यौहार मनाने हेतु प्रदान की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उन्नाव से पधारे विधायक पंकज गुप्ता को नगर पालिका की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में सभापति गौरीशंकर राय, मधुलिका यादव, पार्षद एवं मंजू बुंदेला ज्योति सराफ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नारी, नारी का शोषण न करे, सकारात्मक सोच रखकर जीवन का कल्याण करें: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** मुनि श्री सुदत्तसागर एवं क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर के सानिध्य में महिला समानता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में किया गया। महिला उत्थान, परिवार में महिला, महिला सशक्तिकरण, महिला कैसी हो आदि विषयों पर डॉ. राजलक्ष्मी बमोरिया, विद्या चौधरी, प्रतीक्षा जैन, पुष्प लता जैन, नेहा जैन ने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि रितु जैन शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन सीमा जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में द्वीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट, श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री सुदत्तसागर ने कहा नारी प्रेम की पुतली है। सहनशील बने, मर्यादा में रहे, फैशन और व्यसन से बचें। सामंजस्य पूर्वक हर बात को सुलझाएं। बहु को बेटी समझे और बहू सास को मां समझे। नारीए नारी का शोषण न करे। सकारात्मक सोच रखकर स्वाध्याय, ज्ञान, सेवा, संस्कृति, संस्कारों के प्रति सजग रहकर जीवन का कल्याण करें। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा महिला समानता का तीर्थंकर आदिनाथ स्वामी ने ब्राह्मी और सुंदरी को आर्यिका दीक्षा देकर हजारों वर्ष पूर्व संदेश दिया था। महिलाएं मैचिंग नहीं मन मिलाये। नारी ने तीर्थंकर आदि महापुरुषों को जन्म दिया है। संगोष्ठी में वक्ताओं ने महिलाओं की प्रसिद्धि के साथ आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में नारी, धन संपदा, आकांक्षा, फैशन, नाम, पद की चाह में पड़कर चरित्र से भी समझौता कर रही है। चंदनवाला, मैना सुंदरी, अंजना, सीता सती के चरित्र से सीख लेने की आवश्यकता है।

### बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें

**सागर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जांच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर, समग्र आईडी, नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी अच्छा-बुरा बीएलओ एप से दर्ज की जाये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाताए मतदान से वंचित न रह जाए।

## शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने फीडबैक के लिए 1 मिनट का समय अवश्य दें: निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रतियोगिता में अच्छे नंबर दिलाने के लिए 31 अगस्त तक नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक देने के लिए चार दिन शेष है, इसलिए नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में सिटीजन फीडबैक देने हेतु नगर निगम द्वारा फीडबैक देने के लिए विभिन्न माध्यमों, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, जोन प्रभारी, सफाई दरोगा, एमएस डब्ल्यू के सुपरवाइजर, इंडिपेंडेंस इंजीनियर, राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी, पंजीकृत समूह की महिलाओं और इन्क्यूवेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर कन्हैया एवं शुभम दुबे और उनकी टीम मोती नगर स्थित योग निकेतन संस्थान के कार्यक्रम में पहुंचकर फीडबैक कराये गए, योग निकेतन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित विधायक शैलेंद्र जैन, योगाचार्य विष्णु आर्य ने उपस्थित समस्त सदस्यों से स्वयं और अपने परिजन तथा परिचितों से स्वच्छता फीडबैक दिलाने का संकल्प दिलाया। इसके उपरांत टीम द्वारा पद्माकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में, कोचिंग सेंटर के बच्चों, आदिनाथ मोटर की वर्कशॉप मे कार्यरत कर्मचारियों और शहर के ऑटो टैक्सी चालकों के बीच पहुंचकर उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें सिटीजन फीडबैक देने हेतु प्रेरित किया गया ताकि शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 कि स्वच्छता रैंकिंग में अधिक से अधिक नंबर प्राप्त हो, साथ ही टीम ने नागरिकों को यह भी बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में वह अपना फीडबैक देकर सर्वेक्षण में अपनी सहभागिता निभाएं क्योंकि सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण घटक सिटीजन फीडबैक है जिसमें आम नागरिक सीधे फीडबैक देकर अपने नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने में सहयोग कर सकते हैं।

### सुरेन्द्र सुहाने को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया

**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अशोकनगर जिला प्रभारी सुरेंद्र सुहाने को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। श्री सुहाने ने कहा कि कमलनाथ ने मुझे बडी जवाबदारी दी है में कमलनाथ की भावनाओ के अनुरूप संगठन को मजबूत प्रदान करूंगा। श्री सुहाने के नियुक्त होने पर बधाई देने वालो में शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, ग्रामीण अध्यक्ष आनंद अहिरवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक श्रीवास्तव, सुनील जैन, सुरेंद्र चौधरी, रामकुमार पचौरी, संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, अमित दुबे राम जी, मुकुल पुरोहित सहित कांग्रेस जनो ने बधाई प्रेषित की।



## तुलसी साहित्य अकादमी ने की तुलसी जयंती पर काव्य गोष्ठी



**सागर, देशबन्धु।** संत तुलसीदास जयंती पर मप्र तुलसी साहित्य अकादमी इकाई सागर ने व्याख्यान व कवि गोष्ठी का आयोजन जे जे इंस्टीट्यूट सिविल लाइंस से आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम त्रिपाठी रूद्र ने की। उन्होंने तुलसीदास जी के जीवन वृत्तांत एवं उनके साहित्य सृजन पर बात रखी। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह मिजाज ने भगवान श्रीराम को हिंदू संस्कार और मानस चरित क्या है इसे उकेरने वाला महाकवि बताया। उन्होंने अपनी पुस्तक एक राम कहानी की चर्चा की ओर आम जन तथा नई पीढ़ी को पढने लायक पुस्तक बताया एवं कविता सुनायी। विशिष्ट अतिथि डॉ.राजेश दुबे, नजर द्विवेदी, बीपी पाठक ने गोस्वामी तुलसीदास और श्रीराम के चरित्र चित्रण पर बात रखी। संस्था अध्यक्ष अरूण दुबे ने सभी साहित्यकारों का स्वागत किया। स्वागत भाषण संस्था उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने दिया। कार्यक्रम में उमा कान्त मिश्र श्यामलम् का शक्ति पीठों त्रिपुर सुंदरी अगरतला, कामाख्या देवी गुवाहाटी और महाकाली कोलकाता के दर्शन उपरांत लौटने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कवि पूरन सिंह राजपूत, आशीष ज्योतिषी, डॉ. नलिन जैन, कपिल चौबे, मुकेश तिवारी, ममता भूरिया, अमीन अली, अबरार अहमद आदि ने कविता पाठ किया व तुलसी जयंती पर अपने विचार रखे। संचालन संस्था सचिव डॉ. नलिन जैन एवं आभार सह सचिव अशोक तिवारी अलख ने किया।

### सस्ती गैस की सुविधा सिर्फ1 दिन ही: डॉ. संदीप सबलोक

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सावन पर सस्ता गैस सिलेंडर और 250 रु नगद देने के ऐलान से प्रदेश की बहिन बेटियों के साथ खुले तौर पर छल कर उन्हे धोखा देने का काम कर रहे हैं। इस घोषणा से प्रदेश की महिलाओं को महज 1 दिन की सुविधा के बाद फिर वापिस 1200 रु के सिलेंडर की दुविधा से उन्हें जूझना पड़ेगा। यह बात मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने मुख्यमंत्री द्वारा सावन के महीने को लेकर की गई उक्त घोषणा पर कही है। उन्होने पवित्र त्योहार पर प्रदेश की बहिन बेटियों से छल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जबकि अब सावन का महीना खत्म होने में महज 2 दिन बचे हैं और रक्षा बंधन के दिन गैस एजेंसी में छुट्टी रहने पर सस्ती गैस की सुविधा सिर्फ1 दिन ही मिलने के बाद महिलाओं को फिर 1200 रु खर्च करने की दुविधा से जूझना पड़ेगा। इसके साथ ही त्यौहार के नाम पर दिए जा रहे 250 रु 1 किलो मिठाई खरीदने के लिए भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में वे प्रदेश की महिलाओं को राखी जैसे पवित्र त्यौहार पर भी अपनी वोटों की राजनीति के लिए उन्हें अपमानित करने का काम कर रहे हैं।

## सागर बने योग नगरी कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** शहर में योग विज्ञान की परंपरा को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाने के उद्देश्य से योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान सागर ने इसकी शुरुआत की गई। विधायक शैलेंद्र जैन इसके मुख्य आतिथ्य एवं संस्थान के संस्थापक और संचालक योगाचार्य विष्णु आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला योग समिति दिशा निर्देशों के तहत यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के सभी योग साधक, योग समिति के सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे। विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है गुरुदेव विष्णु आर्य के सामने सागर योग नगरी की दिशा में आगे बढ़ रहा है लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जिस तरह से जागरूकता आई है उसमें योग का बड़ा योगदान है हम सागर को योग नगरी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं और सागर में एक बड़ा योग भवन बनाने की दिशा में हम काफी प्रयासरत हैं इसकी दिशा में काफी सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं और सागर में प्रदेश का पहला योग भवन बहुत जल्द बनाकर तैयार होगा। जिला योग समिति के अध्यक्ष योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि भारत की योग परंपरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस के जरिए एक नई पहचान दिलाई है। सागर में पिछले 60 सालो से योग ग्रीविधिया चल रही है। सागर में सन 1967 में योग निकेतन की स्थापना हुई थी। इस संस्थान से हजारों योग शिक्षक प्रशिक्षित होकर निकले। वहीं हजारों लोगों ने योग से स्वथ्य जीवन का लाभ उठाया हैं। आज संस्थान अपने पूर्णाकार में स्थापित है। जहां नियमित योग अभ्यास और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम में राम नारायण यादव अध्यक्ष योग निकेतन डॉ. वन्दना गुप्ता, महेंद्र प्रताप तिवारी, धन्ना लाल ताम्रकार, सुभाष कांड्या, मनोरमा गौर, रविन्द्र सिलाकारी, धर्मेन्द्र शर्मा, जुगल किशोर उपाध्याय, सदीप सोनी, कमलेश नामदेव आदि सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जन्माष्टमी पर चल समारोह शोभायात्रा निकालने बैठक आयोजित की



**सागर, देशबन्धु।** यादव धर्मशाला सुभाष नगर में यादव समाज बैठक आयोजित हुई जिसमें बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राम सहाय यादव मेंनपानी ने की, मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौरी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी के समय भगवान श्री कृष्ण की भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए यादव समाज के लोगों को आमंत्रित करें। पूर्व यादव समाज के जिला अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रेम नारायण यादव चुटकुल, राम सहाय यादव, नरेश यादव, भानु यादव सरपंच, भोला यादव पूर्व सरपंच हिनौता आदि ने संबोधित किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व के वर्षों के अनुसार भगवान श्री कृष्ण की भागवत हुआ यात्रा चल समारोह जन्माष्टमी के अवसर पर निकाली जावेगी जिसमें जिले की सभी यादव समाज के बंधुओ, सभी धर्म प्रेमी बंधुओ तथा सभी जिले के यादव बंधुओ को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जावेगा। बैठक का संचालन सतीश यादव ने किया।

## कृष्णाभिषेक में उमड़ी भरी भीड़ आज होगी हवन पूर्णाहूति



**सागर, देशबन्धु।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के अंतिम दिवस रविवार को एकादशी पर्व पर श्री कृष्ण अभिषेक किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं की भीड़ से मंदिर खचाखच भरा रहा। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक रूद्री निर्माण हुआ, 11.30 बजे से महारुद्राभिषेक एवं कृष्णाभिषेक प्रारंभ हुआ जो 1.30 बजे तक चला एकादशी व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण अभिषेक किया पं. प्रदीप तिवारी द्वारा सभी को पुत्रदा एकादशी व्रत का दीपदान कराया गया। अन्य सभी श्रद्धालुओं ने शिवाभिषेक किया। कृष्णाभिषेक के यजमान राघवेंद्र सिंह राजपूत, केपी गांधी, अखिलेश शर्मा और एमके साहू रहे। एकादशी पर्व और रविवार अवकाश पर श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थापकों द्वारा कोपर पटा आदि की संख्या बढ़ाते हुए समुचित व्यवस्था की गई थी। भारी भीड़ उमड़ने के बाद भी रूद्री निर्माण अभिषेक करने में किसी को भी असुविधा नहीं हुई। कल शिवलिंग निर्माण का आखिरी दिन था आज सोमवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हवन पूर्णाहूति होगी और शाम 4 बजे से कन्याभोज कराया जायेगा।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर ग्वाल समाज निकालेगा चल समारोह

**सागर, देशबन्धु।** ग्वाल यादव सदर द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन सदर बाजार 15 मुहाल राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। बैठक कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्यो उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। ग्वाल समाज के युवा अध्यक्ष शंकर पहलवान द्वारा बताया गया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव ग्वाल यादव महासभा द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मानया जावेगा। जिसमें 8 सितम्बर को सुबह 11 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर सुबह यात्रा निकाली जावेगी। बैठक का संचालन कुशल यादव ने किया। बैठक में पूरन माते, कमल चौधरी, प्रेम यादव, गिरधारी यादव, देवनाथ यादव, गोकुल यादव, मनोहर यादव एवं सभी पहलवान एवं समाज के लोग बैठक में उपस्थित हुए।

## कार्यकर्ताओं का उत्साह आमजन का समर्थन बता रहा हैं भाजपा पुन: जीत हासिल करने जा रही है: बंबा लाल दिवाकर



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सात दिवसीय प्रवास पर में सागर विधानसभा क्षेत्र में प्रवास के दौरान मंडल, शक्ति केंद्रो पर बूथ स्तर के कार्यकर्ता बंधुओं से मिला साथ ही प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक सम्मेलनों में शामिल हुआ एवं विभिन्न संगठनात्मक कार्य भी इस दौरान संपन्न हुए जिनमें मुझे कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं आमजनों भाजपा के प्रति अथाह विश्वास देखने को मिला जिसके आधार पर में कह सकता हूं आगमी विधानसभा चुनाव में भाजपा सागर विधानसभा क्षेत्र से एतिहासिक जीत हासिल कर पुन: मप्र में सरकार बनाएगी यह बात उत्तर प्रदेश सफीपुर विधानसभा से विधायक बंबा लाल दिवाकर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। पत्रकार वार्ता में सागर विधानसभा संयोजक रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी उपस्थित रहें। बंबा लाल दिवाकर ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में सागर में अभूतपूर्व विकास कार्य चल रहे हैं सागर तेज गति से महानगर का रूप धारण कर रहा हैं और जल्द सागर नए रूप में दिखेगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए आम जन के सर्वांगीण कल्याण हेतु सरकार की योजनाओं व गांव गांव गली गली में हो रहे विकास कार्यों से आम जन का विश्वास भाजपा पर बड़ा हैं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।